माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर
[Board of Secondary Education, Rajasthan, Ajmer]

विवरणिका
SYLLABUS

माध्यमिक परीक्षा, 2013
(Secondary School Examination, 2013)

एवं

प्रवेशिका परीक्षा, 2013
(Praveshika Examination, 2013)

कक्षा–10 के लिए एक वर्षीय पाठ्यक्रम

एन. सी. एफ. 2005 पर आधारित

[Based on National Curriculum Framework 2005]

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर
[Board of Secondary Education, Rajasthan, Ajmer]

विवरणिका
SYLLABUS

माध्यमिक परीक्षा, 2013
(Secondary School Examination, 2013)

एवं

प्रवेशिका परीक्षा, 2013
(Praveshika Examination, 2013)

कक्षा–10 के लिए एक वर्षीय पाठ्यक्रम

एन. सी. एफ. 2005 पर आधारित

[Based on National Curriculum Framework 2005]

बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में निःशुल्क वितरण हेतु

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

महत्त्वपूर्ण सूचना

बोर्ड बैठक दिनांक 24,25 सितंबर 04 के प्रस्ताव संख्या –3 की स्वीकृति की अनुपालना में सूचित किया जाता है कि बोर्ड परीक्षा वर्ष अनुसार प्रतिवर्ष पूरक परीक्षा के परिणामों की अंतिम घोषणा की दिनांक को आधार मानते हुए कार्यालय में विगत 40 वर्षों की परीक्षाओं के सारणी रजिस्टर (TABULATION REGISTER) ही सुरक्षित रखे जायेंगे तथा इस अवधि के लिये ही परीक्षार्थियों को कार्यालय द्वारा प्रतिलिपि प्रलेख जारी किये जाऐंगे। इससे पूर्व के वर्षों के सारणी रजिस्टर (TABULATION REGISTER) को प्रतिवर्ष क्रमशः नष्ट कर दिये जायेंगे तथा नष्ट किये गये सारिणी रजिस्टरों के वर्षो हेतु प्रतिलिपि प्रलेख व अन्य जानकारी कार्यालय द्वारा उपलब्ध नहीं करवाई जायेगी।

विषय–सूची

माध्यमिक परीक्षा, 2013

क्र.सं.	विवरण	पृष्ठ संख्या
1.	माध्यमिक परीक्षा, 2013 के लिए आवश्यक निर्देश	1
2.	स्वयंपाठी अभ्यर्थी (बोर्ड विनियम अध्याय–15)	2
3.	परीक्षाएँ, पात्रता, प्रवेश, नामांकन तथा प्रवजन सम्बन्धी सामान्य विनियम (बोर्ड विनियम अध्याय–16)	7
5.	पूरक परीक्षाएँ (बोर्ड विनियम अध्याय–17)	21
6.	माध्यमिक परीक्षा (बोर्ड विनियम अध्याय–18)	23
7.	विद्यालय आधारित मूल्यांकन	25
8.	माध्यमिक परीक्षा 2013 के लिए परीक्षा योजना	28

पाठ्यक्रम
माध्यमिक परीक्षा, 2013

1.	भाषायें	
	(1) हिन्दी (Hindi)	30
	(2) अंग्रेजी (English)	32
	(3) तृतीय भाषा (Third language)	34
2.	विज्ञान (Science)	42
3.	सामाजिक विज्ञान (Social Science)	48
4.	गणित (Mathematics)	57
5.	राजस्थान अध्ययन (Study of Rajasthan)	63
6.	शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा (Physical and Health Edu.)	65
7.	फाउन्डेशन ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (Foundation of Information Technology)	66
8.	(i) समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा (S. U. P. W. & C. S.)	70
	(ii) कला शिक्षा (Art Education)	74

प्रवेशिका परीक्षा, 2013

1.	प्रवेशिका परीक्षा, 2013 के लिये आवश्यक निर्देश	77
2.	अध्याय 20 (क) संस्कृत परीक्षायें	78
3.	कक्षा 10 (प्रवेशिका) परीक्षा 2013 के लिए विषय सूची	79
4.	प्रवेशिका परीक्षा 2013 के लिए परीक्षा–योजना	80
5.	संस्कृतम (विशेष)	82
6.	सम्भावित प्रोजेक्टस की विषयवार सूची (माध्यमिक एवं प्रवेशिका)	84
7.	विभिन्न विषयों के लिए निर्धारित पाठ्यपुस्तकों एवं अभिस्तावित सन्दर्भ पुस्तकों की सूची	91

कक्षा 10 (माध्यमिक) परीक्षा, 2013 के लिए आवश्यक निर्देश

1. विवरणिका के इस भाग में कक्षा 10 (माध्यमिक) परीक्षा, 2013 का पाठ्यक्रम एवं पाठ्य पुस्तकें, जो शैक्षणिक सत्र 2012–2013 के लिये हैं, दी गई हैं।
2. कक्षा 10 (माध्यमिक) परीक्षा के लिये निर्धारित अवधि एक वर्ष है।
3. माध्यमिक परीक्षा के लिए परीक्षा योजना आदि सम्बन्धित विनियमों में दिए गए अनुसार होंगी।
4. विषयों के शिक्षणार्थ प्रति सप्ताह निर्धारित कालांश :

क्र.सं.	विषय		कालांश : 48
1.	भाषाएँ :		17
	(1) हिन्दी	6	
	(2) अंग्रेजी	6	
	(3) तृतीय भाषा	5	
2.	विज्ञान		8
3.	सामाजिक विज्ञान		8
4.	गणित		8
5.	राजस्थान अध्ययन		2
6.	शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा (खेल प्रवृत्तियां '0' कालांश)		2
7.	'फाउण्डेशन ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी'		2
8.	(1) समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा (2) कला शिक्षा		1+'0' (कालांश)
9.	नैतिक शिक्षा : प्रार्थना के साथ तथा अन्य सभी विषयों के अध्ययन के साथ समाहित		
10.	पुस्तकालय : पुस्तकालय से पुस्तकों का आदान–प्रदान '0' कालांश / मध्य अन्तराल में		

नोट : 1. ऐसे विद्यालय जहाँ कम्प्यूटर लेब की सुविधा नहीं है, वहाँ के संस्था प्रधान, पाठ्यक्रम एवं शाला की स्थानीय आवश्यकता के अनुसार 'फाउण्डेशन ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी' के लिए निर्धारित कालांशों का समायोजन अन्य विषयों के शिक्षण में कर सकते हैं।

2. इस विवरणिका में माध्यमिक परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विनियम ही दिये हुए हैं। बोर्ड/अध्यक्ष के निर्णयानुसार ये विनियम समय–समय पर संशोधनीय हैं।

अध्याय 15
स्वयंपाठी अभ्यर्थी

1. स्वयंपाठी अभ्यर्थी इन विनियमों में निर्दिष्ट शर्तो का पालन करने पर बोर्ड की निम्नलिखित परीक्षाओं में बैठ सकेंगे। स्वयंपाठी अभ्यर्थी के रूप में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट विद्यालयों से सम्पूर्ण परीक्षा शुल्क भेजकर/जमा कराकर प्राप्त कर सकते हैं।

(क) माध्यमिक परीक्षा

(ख) उच्च माध्यमिक परीक्षा

(ग) प्रवेशिका

(घ) वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा

(ड़) अध्ययन के ऐसे विषय/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र, जिन्हें बोर्ड द्वारा समय–समय पर निर्धारित की जाने वाली परीक्षा।

2. स्वयंपाठी अभ्यर्थी परीक्षा आवेदन पत्र बोर्ड द्वारा अधिकृत अग्रेषण अधिकारी के पास परीक्षा शुल्क जमा कराकर प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र की समस्त पूर्तियां समुचित प्रकार से भरने के पश्चात् उसे अग्रेषण अधिकारी के पास निर्धारित तिथियों में जमा कराने होगे। सामान्य शुल्क तथा दुगुने परीक्षा शुल्क सहित आवेदन पत्र जमा कराने की अन्तिम तिथियां सामान्यतया अगस्त/सितम्बर माह में होती है। स्वयंपाठी अभ्यर्थी असाधारण विलम्ब शुल्क जमा कराकर 30 नवम्बर तक तात्कालिक आवेदन भी कर सकते हैं। आवेदन पत्र प्रत्येक जिला मुख्यालय पर निर्धारित विद्यालय द्वारा स्वीकार किये जाएगे। छात्र को स्वयं अग्रेषण अधिकारी के समक्ष उपस्थित होना चाहिए जो आवेदन पत्र पर किए हुए उसके हस्ताक्षर का तथा लगाए गए उसके आवक्ष चित्र फोटोग्राफ का साक्ष्यांकन (Attestation) करेगा। यदि किसी संस्था में उसने अध्ययन किया हो जो अन्तिम संस्था द्वारा प्रदत्त छात्र पत्रक (Scholar Register) की मूल प्रति भी आवेदन पत्र के साथ लगानी चाहिए। परीक्षा शुल्क व आवेदन पत्र दोनों ही निर्धारित तिथियों में अग्रेषण अधिकारी के कार्यालय में जमा होना आवश्यक है। केवल शुल्क जमा होने से ही अभ्यर्थी को परीक्षा में प्रविष्ठ होने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। **निर्धारित तिथियों में आवेदन पत्र अग्रेषण अधिकारी के कार्यालय में जमा कराने की पुष्टि में अभ्यर्थी को पावती लेना आवश्यक है।** आवेदन पत्र यथा समय प्रस्तुत नहीं करने पर यदि नियमानुसार अतिरिक्त शुल्क देय है जो वह भी छात्र द्वारा देय होगा।

स्वयंपाठी अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरने से पहले उनके द्वारा लिये जा रहे विषय/श्रेणी तथा केन्द्र सम्बन्धी सूचना को अच्छी तरह देख लेना चाहिए क्योंकि आवेदन पत्र में एक बार की गई प्रविष्टियों में साधारणतः कोई परिवर्तन नहीं किया जावेगा तथा प्रथम चुनाव ही अन्तिम चुनाव होगा। छात्र एक बार में एक ही श्रेणी में परीक्षा दे सकेगा।

अगस्त माह की पूरक परीक्षा में बैठकर उत्तीर्ण अथवा अनुत्तीर्ण अथवा पूरक परीक्षा हेतु सशुल्क आवेदन करने के पश्चात अनुपस्थित अभ्यर्थी यदि आगामी वर्ष किसी परीक्षा में स्वयंपाठी परीक्षा में स्वयंपाठी अभ्यर्थी के रूप में बैठना चाहे जो उन्हें अपना आवेदन पत्र सामान्य परीक्षा शुल्क अथवा अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित निर्धारित तिथि तक अग्रेषण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर देना

चाहिए। स्वयंपाठी अभ्यर्थियों से ऊपर लिखी तिथियों तक प्राप्त आवेदन पत्रों को अग्रेषण अधिकारी नीचे लिखी तिथियों तक बोर्ड कार्यालय को भिजवा देंगे।

(क) स्वयंपाठी अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्रों को भरकर अग्रेषण अधिकारियों को जमा कराने व अग्रेषण अधिकारियों द्वारा बोर्ड द्वारा निर्धारित नोड़ल विद्यालयों के मार्फत बोर्ड कार्यालय भेजने की अन्तिम तिथियाँ जुलाई माह में सत्र प्रारम्भ के समय सभी शाला प्रधानों को सूचित कर दी जाएंगी। जिनकीजानकारी बोर्ड के मान्यता प्राप्त विद्यालयों से ली जा सकती हैं। अन्तिम तिथियों की सूचना समाचार पत्रों में भी दी जाती है। अन्तिम तिथियों का निर्धारण निम्नानुसार किया गया है –

1.	सामान्य परीक्षा शुल्क	: गुरुवार 6 सितम्बर, 2012
2.	एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क	: गुरुवार 20 सितम्बर, 2012
3.	असाधारण विलम्ब शुल्क ₹ 1000/– सहित	: शुक्रवार 30 नवम्बर, 2012

(ख) पूरक परीक्षा में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण अथवा शुल्क जमा कराकर अनुपस्थित रहे स्वयंपाठी अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन करने की अन्तिम तिथियों की सूचना उपरोक्त बिन्दु (क) के अनुसार सूचित की जायेंगी जो निम्नानुसार होंगीः–

1.	सामान्य परीक्षा शुल्क	: बुधवार 10 अक्टूबर, 2012
2.	एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क	: गुरूवार 18 अक्टूबर, 2012
3.	असाधारण विलम्ब शुल्क ₹ 1000/– सहित	: शुक्रवार 30 नवम्बर, 2012

नोटः– उपरोक्त तिथियों में पूरक परीक्षा के परिणाम घोषणा की तिथि के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।

ध्यातव्यः–

(अ) असाधारण विलम्ब शुल्क सहित आवेदन पत्र केवल जिला मुख्यालय पर नियुक्त किये गये अग्रेषण अधिकारी के पास जमा हो सकेंगे।

(ब) आवेदन पत्र भरने के लिए तथा प्रस्तुत करने के लिए ऊपर विनियम–2 में दी गई तिथियों को, यदि अवकाश पड़े, तो ये तिथियां अवकाश के अगले दिन वाली मान ली जायेंगी। उपर्युक्त तिथियों में आवश्यकतानुसार पूर्व सूचना देकर परिवर्तन किया जा सकेगा जिसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाएगी।

(स) उक्त तिथियों में आवश्यकतानुसार समाचार पत्रों के माध्यम से पूर्व सूचना देकर परिवर्तन किया जा सकेगा।

(द) आवेदन पत्रों को बोर्ड द्वारा निर्धारित निकटतम नोडल विद्यालय तक भेजने में होने वाले व्यय को पुनर्भरण करने के कारण अग्रेषण अधिकारी नियमित अभ्यर्थी से अधिकतम (Maximum) ₹ 20/– प्रति छात्र तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थी से ₹ 40/– प्रति छात्र अग्रेषण शुल्क के रूप में ले सकते हैं।

(य) आवेदन पत्र में प्रत्येक स्वयंपाठी परीक्षार्थी से परीक्षा केन्द्र के दो स्थान विकल्प के रूप में भरवाए जाएंगे ताकि प्रथम स्थान पर स्थानाभाव की स्थिति में दूसरे स्थान पर केन्द्र आवंटित किया जा सके।

(र) स्वयंपाठी परीक्षार्थी आवेदन पत्र के साथ सैकण्डरी उत्तीर्ण की मूल अंकतालिका तथा अग्रेषण अधिकारी द्वारा प्रमाणित एक प्रति लगाना आवश्यक है।

3. बोर्ड की परीक्षाओं में बैठने वाले समस्त स्वयंपाठी अभ्यर्थी परीक्षा में प्रवेशार्थ आवेदन पत्र पर तथा कम्प्यूटर डाटा फॉर्म पर अपना नवीनतम श्वेत–श्याम आवक्ष चित्र (Bust Size Photograph) लगायेंगे, जिसका वे अग्रेषण अधिकारियों से यथाविधि साक्ष्यांकन (Attestation) करायेंगे। दोनों आवक्ष चित्र एक ही साथ एक ही आकृति में लिये होने चाहिये। जैन साधु/साध्वियों को आवक्ष चित्र लगाने से मुक्ति दी गई है।

4. बोर्ड की माध्यमिक/प्रवेशिका परीक्षा में केवल वे अभ्यर्थी ही प्रवेश पा सकेंगे जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा 8 की परीक्षा नियमित अथवा स्वयंपाठी छात्र के रूप में उत्तीर्ण कर ली हो। कक्षा 8 उत्तीर्ण करने के एक वर्ष के अन्तराल के बाद अर्थात् कक्षा 8 उत्तीर्ण करने वाले वर्ष के आगामी वर्ष को छोड़कर अगले वर्ष में अभ्यर्थी स्वयंपाठी परीक्षार्थी के रूप में माध्यमिक/प्रवेशिका परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा। जन्मतिथि की पुष्टि में भी वह उसी शाला का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेगा।

टिप्पणी :

(अ) स्वयंपाठी अभ्यर्थी माध्यमिक/प्रवेशिका परीक्षा में इन विनियमों में निर्दिष्ट शर्तों के अनुसार प्रविष्ट हो सकेंगे।

(आ) स्वयंपाठी अभ्यर्थियों को माध्यमिक/प्रवेशिका परीक्षा में समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाजसेवा, कला शिक्षा, शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा, राजस्थान अध्ययन एवं फाउण्डेशन ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी विषयों में छूट रहेगी।

(इ) स्वंयपाठी परीक्षार्थी के आवेदन–पत्र के साथ निम्न प्रलेख सलंग्न करना अनिवार्य हैः–

(i) कक्षा 8 की परीक्षा उत्तीर्ण की मूल अंकतालिका एवं शाला प्रधान द्वारा प्रमाणित एक प्रति।

(ii) यदि कक्षा 8 स्वयंपाठी के रूप में उत्तीर्ण की है तो पूर्व शाला की टी.सी. की शाला प्रधान द्वारा प्रमाणित प्रति।

अथवा

कक्षा 10 अनुत्तीर्ण/उत्तीर्ण की मूल अंकतालिका एवं शाला प्रधान द्वारा प्रमाणित एक प्रति।

5. उच्च माध्यमिक तथा वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा से सम्बन्धित है।

6. स्वयंपाठी अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों को प्रतिवर्ष उनकी जांच के लिए नियुक्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जावेंगे। इस समिति के सदस्य प्रति वर्ष अध्यक्ष द्वारा नामित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के दो प्रधान तथा सचिव होंगे। समिति द्वारा आवेदन पत्रों की जांच करके उन्हें स्वीकृत/अस्वीकृत करने की अनुशंषा तथा छात्रों के द्वारा आवेदन पत्रों के साथ लगाए गए प्रलेखों अथवा प्रमाण को देखकर उनके झूठे पाये जाने पर अथवा असत्य सूचना पाए जाने पर अथवा प्रविष्टियों में परिवर्तन पाए जाने पर आवेदन पत्रों को निरस्त करने के साथ–साथ अभ्यर्थी का शुल्क जब्त करने तथा परीक्षा में बैठने से विवर्जित करने की अनुशंषा विनियम 8 अध्याय 16 के अनुरूप अध्यक्ष के समक्ष स्वीकृति के लिए प्रस्तुत की जावेगी और अध्यक्ष की स्वीकृति के बाद तद्नुसार कार्यवाही की जावेगी। अध्यक्ष का निर्णय अन्तिम माना जाएगा।

7. राजस्थान राज्य की सीमा से बाहर निवास करने वाले अभ्यर्थियों को भी यदि वे पात्रता हेतु निर्धारित अन्य नियमानुसार परीक्षा में प्रवेश योग्य पाए जावेंगे, बोर्ड की परीक्षाओं में स्वयंपाठी अभ्यर्थी

के रूप में प्रविष्ट होने की अनुमति प्रदान की जा सकेगी। इस हेतु उन्हें अपना आवेदन पत्र राजस्थान राज्य में स्वयंपाठी अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों को अग्रेषित करने के लिए बोर्ड द्वारा नियुक्त अग्रेषण अधिकारी के मार्फत बोर्ड कार्यालय को भेजना होगा एवं उन्हें बोर्ड द्वारा राजस्थान राज्य की सीमा में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर ही परीक्षा देनी होगी।

8. निम्नलिखित में से किसी शर्त को पूर्ण करने वाले व्यक्तियों को माध्यमिक परीक्षा में स्वयंपाठी अभ्यर्थियों के रूप में केवल अंग्रेजी (अर्थात् माध्यमिक परीक्षा के लिए नियत अंग्रेजी का अनिवार्य पत्र) लेकर प्रविष्ट किया जा सकता है और सफल होने पर उन्हें केवल अंग्रेजी में परीक्षा देकर उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। प्रवेशिका, वरिष्ठ उपाध्याय या शास्त्री परीक्षा अथवा उसके समकक्ष घोषित अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थी अनिवार्य अंग्रेजी विषय के अतिरिक्त कोई अन्य ऐसे विषय भी ले सकेंगे जो उन्होंने, पूर्व में नहीं लिए हों और जो बोर्ड की परीक्षाओं में बैठने वाले स्वयंपाठी अभ्यर्थियों के लिए स्वीकृत हों किन्तु बोर्ड द्वारा किसी अन्य विषय में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। ऐसे अभ्यर्थी अगले वर्षों में उच्च माध्यमिक अथवा वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा (ओं) में पूरे विषयों में बैठने के अधिकारी नहीं होंगे।

(क) वे व्यक्ति जिन्होंने प्राच्य भाषा की (संस्कृत, फारसी, अंग्रेजी (वैकल्पिक) या विशेष हिन्दी, उर्दू या अरबी की) निम्न में से कोई सार्वजनिक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो।

(1) उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित अरबी की मौलवी, मल्ला (अब समाप्त) और फाजिल तथा फारसी की मुंशी और कामिल, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अरबी और फारसी का डिप्लोमा परीक्षा तथा पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा संचालित मुंशी (Proficiency), मुंशी आलिम (High Proficiency in Persain), मुंशी फाजिल (Honours in Persain), मौलवी (Proficiency in Arabic), मौलवी आलिम (High Proficiency in Arabic), और मौलवी फाजिल परीक्षा (Honours in Arabic) ।

(2) बोर्ड/राजकीय संस्कृत कॉलेज बनारस, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय/पंजाब विश्वविद्यालय/शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा संचालित संस्कृत परीक्षाएं और कलकत्ता संस्कृत एसोसिएशन की संस्कृतोपाधि परीक्षा (Sanskrit Title Examination) ।

(3) राजस्थान विश्वविद्यालय की साहित्य विनोद और साहित्य विशारद परीक्षाएं।

(4) उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित एडवान्स्ड उर्दू परीक्षा और पंजाब विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अदीबे (Proficiency in Urdu) अदीबे आलिम (High Proficiency in Urdu) और अदीबे फाजिल (Honours in Urdu) परीक्षा।

(5) उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित एडवान्स्ड हिन्दी, पंजाब विश्वविद्यालय तथा सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सैकण्डरी एज्युकेशन, अजमेर, दिल्ली की रत्न (Proficiency in Hindi) भूषण (High Proficiency in Hindi) और प्रभाकर (Honours in Hindi) तथा राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा की कोविद और रत्न परीक्षाएं।

(6) हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग/इलाहाबाद द्वारा संचालित प्रथमा, मध्यमा (विशारद) अथवा उच्च स्तर की परीक्षा।

(7) जामिया उर्दू अलीगढ द्वारा संचालित अदीब और अदीब माहिर। (मान्यता निरस्त)

(8) बम्बई हिन्दी विद्यापीठ, बम्बई की हिन्दी भाषा रत्न परीक्षा अथवा अन्य कोई उच्च परीक्षा (नामतः साहित्य सुधाकर और साहित्य रत्नाकर)।

(9) राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा की राष्ट्रभाषा परिचय अथवा इससे उच्च स्तर की परीक्षा।

(10) गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद की तीसरी अथवा इससे उच्च स्तर की परीक्षा।

(11) हिन्दी प्रचार सभा, हैदराबाद की विशारद अथवा इससे उच्च स्तर की परीक्षा।

(12) दक्षिण हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास की प्रवेशिका अथवा इससे उच्च स्तर की परीक्षा।

(13) हिन्दुस्तानी प्रचार सभा, बम्बई की काबिल अथवा इससे उच्च स्तर की परीक्षा।

(14) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गोहाटी (असम) की प्रबोध अथवा इससे उच्च स्तर की परीक्षा।

(15) मैसूर हिन्दी प्रचार सभा, बैंगलोर (मैसूर) की प्रवेश अथवा इससे उच्च स्तर की परीक्षा।

(16) केरल हिन्दी प्रचार सभा, त्रिवेन्द्रम (केरल) की प्रवेश अथवा इससे उच्च स्तर की परीक्षा।

(17) मणिपुर हिन्दी परिषद इम्फाल (मणिपुर) की प्रबोध अथवा इससे उच्च स्तर की परीक्षा।

(18) हिन्दी विद्यापीठ देवधर (बिहार) की प्रवेशिका अथवा साहित्य भूषण अथवा इससे उच्च स्तर की।

(ख) बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं में अथवा राजस्थान के शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण विद्यालयों में काम करने वाले चित्रकला के अध्यापक (Drawing Master) हस्तकला शिक्षक (Manual Training Instructor) या किसी व्यावसायिक अथवा तकनीकी विषय में शिक्षक या व्यायाम शिक्षक।

9. उच्च माध्यमिक परीक्षा से सम्बन्धित।

10. यदि कोई परीक्षार्थी पूर्व में अंग्रेजी वैकल्पिक विषय प्राच्य भाषा के साथ उत्तीर्ण कर चुका है तो वह अंग्रेजी (अनिवार्य) में स्वयंपाठी छात्र के रूप में श्रेणी – 5 के अन्तर्गत प्रविष्ठ हो सकेगा।

महत्त्वपूर्ण सूचना

बोर्ड बैठक दिनांक 24,25 सितंबर 04 के प्रस्ताव संख्या –3 की स्वीकृति की अनुपालना में सूचित किया जाता है कि बोर्ड परीक्षा वर्ष अनुसार प्रतिवर्ष पूरक परीक्षा के परिणामों की अंतिम घोषणा की दिनांक को आधार मानते हुए कार्यालय में विगत 40 वर्षो की परीक्षाओं के सारणी रजिस्टर (Tabulation Register) ही सुरक्षित रखे जायेंगे तथा इस अवधि के लिये ही परीक्षार्थियों को कार्यालय द्वारा प्रतिलिपि प्रलेख जारी किये जाऐंगे। इससे पूर्व के वर्षो के सारणी रजिस्टर (Tabulation Register) को प्रतिवर्ष क्रमशः नष्ट कर दिये जायेंगे तथा नष्ट किये गये सारिणी रजिस्टरों के वर्षो हेतु प्रतिलिपि प्रलेख व अन्य जानकारी कार्यालय द्वारा उपलब्ध नहीं करवाई जायेगी।

अध्याय 16

परीक्षाएँ, पात्रता, प्रवेश, नामांकन तथा प्रव्रजन संबंधी सामान्य विनियम

1. बोर्ड निम्नलिखित परीक्षाओं का संचालन करेगाः–

(क) माध्यमिक परीक्षा

(ख) उच्च माध्यमिक परीक्षा

(ग) प्रवेशिका

(घ) वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा

(ड़) अध्ययन के ऐसे विषय/डिप्लोमा/प्रमाणपत्र, जिन्हें बोर्ड द्वारा समय–समय पर निर्धारित की जाने वाली परीक्षा।

2. बोर्ड की परीक्षाएँ समय–समय पर बोर्ड द्वारा निर्धारित केन्द्र, तिथियों तथा समय होंगी।

3. बोर्ड की परीक्षाओं में जांच विवरणिका में दिये अनुसार सतत् आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक और लिखित परीक्षा होगी। प्रायोगिक परीक्षा बोर्ड से नियुक्त परीक्षकों द्वारा समय–समय पर परीक्षा समिति द्वारा निर्धारित विधि से ली जाएगी। लिखित परीक्षा प्रश्न–पत्रों के माध्यम से होगी और प्रश्न–पत्र प्रत्येक केन्द्र पर जहाँ परीक्षा प्रश्न–पत्रों के माध्यम से होगी और प्रश्न–पत्र प्रत्येक केन्द्र पर जहाँ परीक्षा ली जा रही है एक साथ दिए जाएंगे।

किसी भी अवस्था में किसी भी परीक्षार्थी को प्रश्न–पत्र का उत्तर देने के लिए निर्धारित समय से अधिक समय नहीं दिया जाएगा। परन्तु नेत्रहीन, सूर्यमुखी, सेरीग्रल पाल्सी, पोलियो, लकवा/ जन्मजात विकलांगता तथा मायोपिया की बीमारी से ग्रस्त अभ्यर्थी को राजकीय चिकित्सालय के मेडीकल बोर्ड तथा अधिगम अक्षम (अपठन, अगणन व अलेखन) बीमारी से ग्रस्त विद्यार्थियों हेतु मेडीकल कॉलेज स्तरीय चिकित्सालय में गठित मेडीकल बोर्ड की अनुशंषा पर बोर्डद्वारा निर्धारित प्रपत्र पर तदाशय प्रमाण–पत्र मूल रूप से प्रस्तुत करने पर प्रश्न–पत्र हल करने हेतु 60 मिनट (एक घण्टा) का अतिरिक्त समय दिया जा सकेगा।

4. बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थाओं से विभिन्न परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों के लिए आवेदन–पत्र प्रति वर्ष बोर्ड द्वारा संबंधित शाला प्रधानों को उनके लिए निर्धारित नोडल विद्यालयों के मार्फत निश्चित तिथि से पर्याप्त समय पूर्व भिजवाए जाएंगे जिसे छात्र/छात्राओं से भरवाकर एवं उनकी सम्पूर्ण जांच करके शाला प्रधान निर्धारित नोडल विद्यालय को प्रेषित कर देंगे जिससे आवेदन पत्र समुचित समय में बोर्ड कार्यालय में प्राप्त हो जावें।

(क) नियमित अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्रों को भरकर शाला प्रधानों को जमा कराने एवं उनके द्वारा बोर्ड द्वारा सूचित तिथियों में बोर्ड कार्यालय भेजने के लिए–

1.	सामान्य परीक्षा शुल्क	: गुरुवार 6 सितम्बर, 2012
2.	एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित	: गुरुवार 20 सितम्बर, 2012

नोटः– नियमित परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र असाधारण परीक्षा शुल्क से स्वीकार योग्य नहीं है।

(ख) पूरक परीक्षा में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण अथवा शुल्क जमा करा कर अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन करने की अंतिम तिथियां निम्नानुसार होंगी–

1.	सामान्य परीक्षा शुल्क	:	बुधवार 10 अक्टूबर, 2012
2.	एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित	:	गुरूवार 18 अक्टूबर, 2012
3.	साधारण विलम्ब शुल्क ₹ 1000/– सहित (मात्र स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए)	:	शुक्रवार 30 नवम्बर, 2012

(ग) कार्यालय आदेश क्रमांक :– परीक्षा–।।/पात्रता प्रकोष्ठ/2366 दिनांक 18–05–2012 के अनुसार पात्रता प्रमाण पत्र की दरें निम्नानुसार है :–

क्र.सं	**कक्षा–11**	**शुल्क (₹)**
1.	30 नवम्बर तक साामान्य शुल्क	100
2.	30 नवम्बर के पश्चात् विलम्ब शुल्क ₹ 200/– सहित कुल ₹ 300/–	300

क्र.सं	**कक्षा–12**	**शुल्क (₹)**
1.	सामान्य परीक्षा शुल्क से आवेदन पत्र भरने की तिथि तक	100
2.	दोगुने परीक्षा शुल्क से आवेदन पत्र भरने की तिथि तक	200
3.	असाधारण परीक्षा शुल्क से आवेदन पत्र भरने की तिथि तक	300
4.	विशेष परिस्थिति में यदि उपरोक्त तिथि के पश्चात् जारी किया जाता है तो	500

नोट :–1. कार्यालय द्वारा परीक्षा की तिथियाँ प्रतिवर्ष अलग से घोषित की जाती है।

2. बिना पात्रता प्रवेश देने वाले विद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र शुल्क के साथ प्रति विद्यार्थी ₹ 1000/– दण्ड राशि भी ली जायेगी।

3. ऐसे विद्यार्थी जिसने कक्षा–11 में पात्रता प्रमाण पत्र नहीं लिया व कक्षा–11 उत्तीर्ण कर अन्य विद्यालय में कक्षा–12 में प्रवेश चाहता है, अन्य विद्यालय उसे बिना पात्रता प्रमाण पत्र के प्रवेश न दे तथा ऐसी स्थिति में स्वयं विद्यार्थी कक्षा–12 हेतु पात्रता प्रमाण पत्र लेने आवे तो ₹ 1000/– दण्ड राशि परीक्षार्थी से लिया जाना है।

ध्यातव्य:

1. उक्त तिथियों को अवकाश पड़ें तो ये तिथियां अवकाश के अगले दिन वाली मानी जाएंगी।

2. उक्त तिथियों में आवश्यकतानुसार समाचार पत्रों के माध्यम से पूर्व सूचना देकर परिवर्तन किया जा सकेगा।

3. शाला प्रधान आवेदन पत्र अग्रेषित करने से पूर्व नीचे लिखी बातों का विशेष रूप से ध्यान रखेंगे:–

(अ) जिन विषयों को लेकर छात्र परीक्षा में बैठना चाहता हैं उनका उल्लेख संबंधित परीक्षा के निर्धारित आवेदन–पत्र में यथा स्थान सही–सही कर दिया गया है।

(ब) अपने संस्थान का ऐसा प्रमाण पत्र देगा जिसमें यह उल्लेख होगा कि अध्ययन के लिए संबंधित पाठ्यक्रम (ऐसे विषयों में जिनमें प्रायोगिक कार्य निहित हो प्रायोगिक कार्य सहित) समाप्त कर लिया गया है या परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व समाप्त करा लिया जावेगा और यह कि अभ्यर्थी का आचरण अच्छा है।

(स) संस्था प्रधान यह भी प्रमाणित करेगा कि छात्र परीक्षा में बैठने की समस्त योग्यताएं रखता है और छात्र राजस्थान के बाहर के बोर्ड/विश्वविद्यालय से प्रव्रजित होकर नहीं आया है और यदि आया है तो उसका पात्रता–पत्र बोर्ड से प्राप्त कर लिया गया है जो मूल रूप से उसके परीक्षार्थ आवेदन–पत्र के साथ संलग्न है।

(घ) उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा के आवेदन–पत्र के साथ शाला प्रधान/ अग्रेषण अधिकारी द्वारा सत्यापित प्रतिलिपि सहित निम्नांकित प्रलेख नत्थी किये जायेः–

(क) विद्यालय में नियमित रूप से लगातार अध्ययनरत नियमित परीक्षार्थियों के लिये–

(i) कक्षा 8 की परीक्षा उत्तीर्ण की अंकतालिका एवं

(ii) कक्षा 9 की परीक्षा उत्तीर्ण की अंकतालिका अथवा कक्षा 10 की परीक्षा अनुत्तीर्ण की अंकतालिका

(ख) विद्यालय में इस वर्ष स्थानान्तरित होकर आए परीक्षार्थियों के लिए

(i) कक्षा 9 की परीक्षा उत्तीर्ण की अंकतालिका अथवा कक्षा 10 की परीक्षा अनुत्तीर्ण की अंकतालिका

(ii) पूर्व विद्यालय की टी.सी. की प्रमाणित प्रति

नोटः– परीक्षा आवेदन पत्र के साथ उपर्युक्त प्रलेखों की केवल शाला–प्रधान द्वारा प्रमाणित फोटो प्रति ही संलग्न की जावें। (मूल प्रलेख संलग्न नहीं करें)

5. **(अ) बोर्ड द्वारा आयोजित समस्त परीक्षाओं के लिये सामान्य परीक्षा शुल्क की दरें निम्नानुसार होंगी –**

(1) नियमित अभ्यर्थी (समस्त श्रेणियों के लिए) ₹ 450 /–

(2) स्वयंपाठी अभ्यर्थी (समस्त श्रेणियों के लिए) ₹ 500/–

(3) प्रायोगिक प्रश्न–पत्रों वाले विषयों हेतु ₹ 50/– प्रति विषय
प्रति विषय प्रति प्रायोगिक परीक्षा शुल्क (उक्त बिन्दु 1 व 2 के अतिरिक्त)

(ब) परीक्षार्थी आवेदन पत्र विलम्ब से प्रस्तुति का शुल्कः–

(1) एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित

(i) नियमित अभ्यर्थी ₹ 900/–

(ii) स्वयंपाठी अभ्यर्थी ₹ 1000/–

(2) असाधारण परीक्षा शुल्क 1000/– सहित ₹ 1500/–
(जिला मुख्यालय पर केवल स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए)

(स) परीक्षा परिणाम संवीक्षा शुल्कः–
सभी परीक्षाओं के लिए प्रति विषय ₹ 75/–

(द) अंकतालिका प्रतिलिपि शुल्कः–

(1) अंकतालिका की विशेष प्रतिलिपि
(नियमित अंकतालिका जारी होने से पूर्व) ₹ 100/–

(2) अंकतालिका की प्रतिलिपि (तुरन्त चाहने पर) ₹ 100/–

(3) अंकतालिका की प्रतिलिपि (साधारण रूप से चाहने पर) ₹ 80/–

(य) विभिन्न प्रमाण–पत्रों की शुल्कः–

(1) अस्थाई प्रमाण–पत्र (मूल प्रमाण–पत्र जारी होने से पहले) ₹ 100/–

(2) मूल प्रमाण–पत्र की दूसरी प्रति (वर्ष 1999 तक) ₹ 200/–

(3) मूल प्रमाण–पत्र की दूसरी प्रतिलिपि
(सत्र 2000 से अंकतालिका सहित) शुल्क ₹ 200/–

(4) मूल/प्रतिलिपि प्रमाण पत्र वापसी ₹ 50/–

(र) अन्य प्रलेख शुल्कः–

(1) प्रवेश–पत्र की दूसरी प्रति ₹ 25/–

(2) प्रव्रजन प्रमाण–पत्र ₹ 100/–

(3) पात्रता प्रमाण–पत्र शुल्क (अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय से आने वाले अभ्यर्थियों द्वारा कक्षा 11 में नियमित अथवा उच्च माध्यमिक परीक्षा में प्रविष्ट होने वालों के लिए)

कार्यालय आदेश क्रमांक :– परीक्षा–।।/पात्रता प्रकोष्ठ/2366 दिनांक 18–05–2012 के अनुसार पात्रता प्रमाण पत्र की दरें निम्नानुसार है :–

क्र.सं	कक्षा–11	शुल्क (₹)
1.	30 नवम्बर तक साामान्य शुल्क	100
2.	30 नवम्बर के पश्चात् विलम्ब शुल्क ₹ 200/– सहित कुल ₹ 300/–	300

क्र.सं	कक्षा–12	शुल्क (₹)
1.	सामान्य परीक्षा शुल्क से आवेदन पत्र भरने की तिथि तक	100
2.	दोगुने परीक्षा शुल्क से आवेदन पत्र भरने की तिथि तक	200
3.	असाधारण परीक्षा शुल्क से आवेदन पत्र भरने की तिथि तक	300
4.	विशेष परिस्थिति में यदि उपरोक्त तिथि के पश्चात् जारी किया जाता है तो	500

नोट :–1. कार्यालय द्वारा परीक्षा की तिथियाँ प्रतिवर्ष अलग से घोषित की जाती है।

2. बिना पात्रता प्रवेश देने वाले विद्यालय से पात्रता प्रमाण पत्र शुल्क के साथ प्रति विद्यार्थी ₹ 1000/– दण्ड राशि भी ली जायेगी।

3. ऐसे विद्यार्थी जिसने कक्षा–11 में पात्रता प्रमाण पत्र नहीं लिया व कक्षा–11 उत्तीर्ण कर अन्य विद्यालय में कक्षा–12 में प्रवेश चाहता है, अन्य विद्यालय उसे बिना पात्रता प्रमाण पत्र के प्रवेश न दे तथा ऐसी स्थिति में स्वयं विद्यार्थी कक्षा–12 हेतु पात्रता प्रमाण पत्र लेने आवे तो ₹ 1000/– दण्ड राशि परीक्षार्थी से लिया जाना है।

ध्यातव्य :

(1) दृष्टिहीन अभ्यर्थी एवं ऐसे सैनिक अधिकारियों के पुत्र/पुत्रियों को जो युद्ध में वीरगति प्राप्त हुए हों अथवा अपाहिज हो गये हों, बोर्ड की परीक्षाओं में परीक्षा शुल्क से मुक्ति देकर बैठने की स्वीकृति दी जायेगी किन्तु ऐसे परीक्षार्थियों से टोकन शुल्क ₹ 45/– लिया जावेगा।

(2) विकलांग छात्रों को भी परीक्षा शुल्क देने से मुक्ति प्रदान कर दी गई है। विकलांग छात्र की परिभाषा, निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर द्वारा विकलांगों को रोजगार के लिये निर्धारित की गई परिभाषा के अनुसार मानी जायेगी। ऐसे छात्रों द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

अधिकारी द्वारा उक्त परिभाषा के अन्तर्गत आने वाले विकलांगों को जारी किये गये प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही शुल्क से मुक्ति प्रदान की जा सकेगी।

किन्तु ऐसे छात्र/छात्राओं से टोकन शुल्क ₹ 45/– लिये जायेंगे। सामान्य परीक्षा शुल्क वाली तिथि के पश्चात् आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर एक सामान्य परीक्षा शुल्क लेकर इन तिथियों तक आवेदन पत्र अग्रेषित करने की स्वीकृति दी जा सकती है।

(2A) उपरोक्त परीक्षार्थियों से केन्द्र/वर्ग/विषय परिवर्तन हेतु नियमित एवं स्वंयवाठी परीक्षार्थियों की भाँति ही निर्धारित परीक्षा शुल्क लेकर उसके अनुरूप परिवर्तन की सुविधा प्रदान की जा सकेगी।

(3) मूक–बधिर परीक्षार्थियों को माध्यमिक परीक्षा में अंग्रेजी (अनिवार्य) एवं तृतीय भाषा की छूट प्रदान की गयी है। परीक्षार्थी को इसके लिये मूक व बधिर होने का प्रमाण–पत्र आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

(4) परीक्षार्थी निर्धारित दोनों विषयों में से किसी एक विषय में भी छूट प्राप्त कर सकेगा। इसके लिये परीक्षार्थी को लिखित प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(5) मूक व बधिर परीक्षार्थी यदि निर्धारित विषयों में छूट नहीं चाहते तो उन्हें सामान्य वर्ग में प्रवेशाज्ञा दी जा सकेगी।

(5A) मूक बधिर छात्रों के लिये माध्यमिक परीक्षा में गणित विषय के साथ अन्य एक विषय में पूरक परीक्षा देने की सुविधा प्रदान की गई है।

6. बोर्ड द्वारा संचालित किसी परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर अथवा उसमें सम्पूर्ण अथवा आंशिक अनुपस्थित रहने पर किसी अभ्यर्थी का शुल्क वापिस नहीं किया जायेगा। केवल ऐसे अभ्यर्थी से प्राप्त सम्पूर्ण शुल्क लौटाया जायेगा जिनकी मृत्यु परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व ही हो गई हो। इनका मनीऑर्डर कमीशन भी बोर्ड द्वारा वहन किया जायेगा। अन्य किसी भी परिस्थिति में जमा परीक्षा शुल्क की राशि नहीं लौटाई जाएगी।

7. लोपित

8. जब सचिव को यह संतोष हो जायेगा कि अभ्यर्थी ने बोर्ड की परीक्षा में प्रवेश पाने की समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति कर दी है तब उसका प्रवेश पत्र जारी कर दिया जायेगा। जिसे केन्द्राधीक्षक को दिखाने पर उस अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने दिया जायेगा। परन्तु बोर्ड की परीक्षा में बैठने के लिये आवेदन पत्र के साथ झूठे प्रलेख/फर्जी प्रलेख अथवा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थी को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले वर्ष में तथा उसके आगे वाले वर्ष में परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया जायेगा । इसी प्रकार आवेदन पत्र अथवा प्रमाण स्वरूप प्रस्तुत प्रलेखों में असत्य सूचना अथवा प्रलेखों की प्रविष्टियों में हेराफेरी/परिवर्तन (स्वयं के अथवा पिता के उपनाम को छोड़कर) करने वाले अभ्यर्थी को भी आवेदन करने वाले वर्ष के अतिरिक्त उस वर्ष से एक वर्ष अधिक तक जिसमें वह साधारणतः पढ़कर परीक्षा में बैठने योग्य होता, बोर्ड की परीक्षा में बैठने से वंचित किया जा सकेगा। ऐसे छात्रों का परीक्षा शुल्क भी जब्त कर लिया जायेगा।

इस बोर्ड की परीक्षा में प्रविष्ट हो उत्तीर्ण छात्रों में से किसी के संबंध में यदि परीक्षा उत्तीर्ण करने के वर्ष से पांच वर्ष की अवधि में यह जानकारी प्राप्त हो कि छात्र ने उक्त परीक्षा में प्रवेश असत्य विवरण

देकर, तथ्य छिपाकर या प्रविष्टियों में हेरफेर/परिवर्तन कर (स्वयं के अथवा पिता के उपनाम को छोड़कर) प्राप्त किया था या वह किसी अन्य आधार पर उक्त परीक्षा के योग्य नहीं था तो उसकी परीक्षा निरस्त करने और/या उस मामले के गुण दोषों के आधार पर बोर्ड के अध्यक्ष को अन्य दण्ड देने का भी अधिकार होगा।

9. इन विनियमों में किसी बात के समाविष्ट होते हुए भी किसी ऐसे अभ्यर्थी को जिसे निष्कासित (Expelled) कर दिया गया है अथवा अभी भी निष्कासन (Restication) भुगत रहा है, बोर्ड की किसी परीक्षा में प्रविष्ट नहीं होने दिया जायेगा। निष्कासित अभ्यर्थी को स्वंयपाठी अभ्यर्थी के रूप में निष्कासित करने की तिथि से एक वर्ष तक किसी परीक्षा में नहीं बैठने दिया जायेगा। इसी तरह अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा सार्वजनिक परीक्षाओं में बैठने से विवर्जित छात्रों को भी उनकी निष्कासित अवधि में बोर्ड द्वारा संचालित किसी भी परीक्षा में बैठने की अनुज्ञा नहीं दी जायेगी।

10. सचिव को यह संतोष होने पर कि किसी अभ्यर्थी का प्रवेश पत्र खो गया है या नष्ट हो गया है उसको ₹ 25/– शुल्क और देने पर प्रवेश पत्र की दूसरी प्रति दी जा सकेगी।

11. यदि इन विनियमों में कोई अन्य प्रावधान न होगा तो बोर्ड की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों के नाम तीन श्रेणियों में रखे जायेंगे और तदनन्तर मान्यता प्राप्त संस्थाओं के विद्यार्थियों के नाम को संस्थाओं के अनुसार जहाँ उन्होंने अध्ययन किया है, वर्गीकरण किया जायेगा।

12. किसी परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुआ अभ्यर्थी एक अथवा अधिक उत्तरवर्ती परीक्षाओं में बैठ सकता है किन्तु प्रत्येक अवसर पर उसे बोर्ड को संतुष्ट करना होगा कि उसने बोर्ड की परीक्षा में अभ्यर्थियों को प्रवेश देने के लिए निर्दिष्ट विनियमों की शर्तों का पालन कर लिया है।

13. बोर्ड की किसी परीक्षा में प्रविष्ट हुआ अभ्यर्थी प्राप्तांकों की संवीक्षा (पुनर्गणना) के लिए सचिव को निम्नांकित नियमों के अनुसार आवेदन–पत्र दे सकता है :

(1) ऐसा आवेदन–पत्र बोर्ड कार्यालय में परीक्षाफल घोषणा की तिथि से एक माह की अवधि में अवश्य पहुँच जाना चाहिए।

(2) ऐसे आवेदन पत्रों के साथ निर्दिष्ट शुल्क होना चाहिए।

(3) कोई अभ्यर्थी इस शुल्क को वापस पाने का अधिकारी नहीं होगा।

(4) यदि संवीक्षा (पुनर्गणना) करने पर परिणाम में किसी त्रुटि का पता चल जाये तो संवीक्षा के परिणाम को तुरन्त सूचित किया जायेगा। अन्य स्थितियों में संवीक्षा के परिणाम की सूचना अभ्यर्थी को यथासंभव शीघ्र दी जायेगी।

(5) संवीक्षा (पुनर्गणना) में किसी भी अभ्यर्थी की उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जाँच (Re-examination) करना समाविष्ट नहीं है। उत्तर पुस्तिकाओं पर दिये गये अंकों की जांच इस दृष्टि से की जायेगी की कहीं अलग–अलग प्रश्नों में दिये अंकों को जोड़ने में त्रुटि न रह गई हो अथवा कहीं/किसी प्रश्न पर अंक देने से न रह गये हों।

(6) परीक्षार्थियों द्वारा पुनर्गणना कराने पर यदि किसी परीक्षार्थी के परिणाम पर अनुकूल अथवा विपरीत प्रभाव पड़े यथा अंकों में बढ़ोत्तरी/कमी के फलस्वरूप उत्तीर्ण अथवा पूरक से पूरक अथवा पूरक से अनुत्तीर्ण अथवा श्रेणी या अंकों में अन्तर पाया जाये तो उस स्थिति में परीक्षार्थियों को परिवर्तित अंकों, परिणाम अथवा श्रेणी की सूचना दे दी जायेगी। परीक्षार्थी का परिवर्तित परिणाम ही अन्तिम माना जायेगा।

(7) परीक्षार्थी यदि परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहा है अथवा पूरक परीक्षा के योग्य घोषित हुआ है और अंको की पुनर्गणना अथवा परिणाम की संवीक्षा के फलस्वरूप उसके प्राप्तांकों में अन्तर हो, परन्तु पूर्व घोषित परिणाम में कोई परिवर्तन नहीं आया हो तो परीक्षार्थी को परिणाम के अपरिवर्तित रहने की सूचना दे दी जायेगी। परन्तु यदि जिस विषय में परीक्षार्थी पूरक परीक्षा के योग्य घोषित हुआ है उस विषय के अतिरिक्त अन्य विषय/विषयों में संवीक्षा के दौरान अंको की वृद्धि/कमी पाई जाये तो भी उसे स्वीकार कर परीक्षार्थी को सूचित कर दिया जायेगा चाहे उससे घोषित परिणाम पर कोई प्रभाव पड़े अथवा नहीं।

(8) परीक्षार्थी को नियम–6 अथवा 7 के अन्तर्गत परीक्षा परिणाम अथवा अंकों में परिवर्तन की सूचना दे दी जायेगी परन्तु उससे प्राप्त संवीक्षा शुल्क नहीं लौटाया जायेगा।

14. बोर्ड की परीक्षाओं में प्रवेश के लिए निर्दिष्ट शर्तों का पालन कर लेने के पश्चात् किसी अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने से नहीं रोका जाएगा जब तक कि संबंधित संस्था के प्रधान से लिखित में प्राप्त पर्याप्त कारणों के आधार पर बोर्ड संस्था के प्रधान को उसे रोकने की अनुमति न दे या परीक्षार्थी की न्यूनतम उपस्थिति नियमानुसार 75 प्रतिशत नहीं होने अथवा N.S.O. / Detained होने की स्थिति में प्रवेश पत्र रोकने का अधिकार शाला प्रधान को है।

15. (अ) बोर्ड द्वारा संचालित परीक्षाओं के प्रमाण पत्रों, अंकतालिका सहित प्रमाण पत्रों की दूसरी प्रतियां तब तक नहीं दी जाएंगी जब तक कि बोर्ड प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पर लिखे शपथ पत्र से संतुष्ट न हो जावे कि प्रार्थी का प्रमाण पत्र खो गया है अथवा नष्ट हो गया है और यह कि प्रार्थी को अपने प्रमाण पत्र की दूसरी प्रति की वास्तविक आवश्यकता है। ऐसा आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित शुल्क के साथ सीधा बोर्ड कार्यालय को भेजा जाना चाहिए। आवेदन पत्र तथा शपथ पत्र प्रथम श्रेणी न्यायाधीश अथवा नोटेरी पब्लिक द्वारा प्रमाणित बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्र में होने चाहिए। बोर्ड द्वारा संचालित परीक्षाओं परीक्षाओं के प्रमाण पत्र जो केवल हिन्दी भाषा में हैं और जिनका अंग्रेजी रूपान्तरण साथ–साथ नहीं दिया गया हो, की अंग्रेजी भाषा में अनुदित प्रतियां भी दी जा सकेंगी। इसके लिए छात्र को निर्धारित शुल्क ₹ 200/– वर्ष 1999 तक व वर्ष 2000 से ₹ 200/– आवेदन पत्र तथा अंग्रेजी भाषा के प्रमाण पत्र की आवश्यकता की पुष्टि में प्रलेख प्रस्तुत करने होंगे।

(ब) कार्यालय आदेश परीक्षा– ।।/2011 दिनांक 3–8–11 के अनुसार 2006 से 2011 के अंकतालिका सहप्रमाण/प्रतिलिपि प्रमाणपत्र जारी करने हेतु निम्नानुसार प्रक्रिया अमल में लाई जावें–

1. प्रार्थी को आवेदन पत्र के साथ नोटेरी से मय प्रमाणित शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा, साथ ही शपथ पत्र में यह भी अंकन करेगा कि मूल प्रमाण पत्र मिलने पर बोर्ड में पुनः जमा करा दूंगा तथा अखबारों में प्रमाण पत्र/अंकतालिका मय प्रमाण पत्र के खोने की विज्ञप्ति प्रकाशित करा दी है।

2. आवेदन पत्र के साथ प्रेस अधिसूचना के प्रकाशन की प्रति प्रस्तुत करनी होगी जिसमें अभ्यर्थी का नाम व पता पूरा आवश्यक है। प्रेस अधिसूचना का प्रारुप निम्नानुसार हो। में प्रमाणित शुदा प्रस्तुत करना होगा। जिसमें यह अंकन करना होगा कि मूल प्रमाण पत्र मिलने पर बोर्ड में पुनः जमा करा दूंगा।

सूचित किया जाता है कि मा.शि. बोर्ड राज. अजमेर से मुख्य परीक्षा/पूरक माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक परीक्षा .... वर्ष .... अनुक्रमांक .... सहित उत्तीर्ण करने से संबंधित मेरा

मूल / डुप्लीकेट प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया / नष्ट हो गया / खराब (विकृत) हो गया है।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर ....

फोन नं. ....

अभ्यर्थी का नाम ....

मोबाईल नं. ....

पूरा पता ....

.... (मय पिनकोड)

3. सामान्यतः आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को पंजीकृत डाक द्वारा ही प्रमाण पत्र / अंकतालिका सह प्रमाण पत्र भेजा जावेगा।

4. विशेष परिस्थितियों में यदि विद्यार्थी संस्था के साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने की पत्र की प्रति प्रस्तुत कर दे तथा सहायक निदेशक परीक्षा प्रथम / द्वितीय / उप निदेशक परीक्षा I / II / निदेशक (परीक्षा) विशेषाधिकारी (परीक्षा) / सचिव में से कोई एक अधिकारी प्रार्थी को स्वयं को डुप्लीकेट प्रमाण पत्र By Hand अंक तालिका सह प्रमाण पत्र तत्काल देने के तथ्य से संतुष्ट हो तथा विद्यार्थी द्वारा निर्धारित शुल्क 1.30 P.M. तक जमा करा दिया हो तो कोई फोटो युक्त पहचान पत्र की प्रमाणित प्रति लेकर संभावित पत्रावली पर रखकर प्राप्ति के हस्ताक्षर करा प्रमाण पत्र हाथों हाथ जारी किया जायेगा। सहायक निदेशक परीक्षा II ऐसे जारी किये गये दस्तावेजों का स्थायी रजिस्टर भी संधारित करेगें।

5. यह व्यवस्था कार्यालय में उपलब्ध संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार ही लागू मानी जायेगी।

वर्ष 2006 से पूर्व के प्रमाण पत्रों के लिये शुल्क तथा डाक से भेजने की प्रक्रिया पूर्वानुसार ही रहेगी।

(स) कार्यालय आदेश क्रमांक 3496 दिनांक 28–12–11 के अनुसार वर्ष 1971 से 2011 के अंकतालिका सहप्रमाण / प्रतिलिपि प्रमाणपत्र जारी करने हेतु निम्नानुसार प्रक्रिया अमल में लाई जावें–

1. आवेदन पत्र के साथ किसी एक समाचार पत्र में निम्नानुसार प्रारुप में प्रेस अधिसूचना प्रकाशित करानी होगी। प्रेस अधिसूचना का प्रारुप निम्नानुसार हो –

–: प्रेस अधिसूचना :–

सूचित किया जाता है कि मा.शि. बोर्ड राज. अजमेर से मुख्य परीक्षा / पूरक माध्यमिक / उच्चतर माध्यमिक परीक्षा .... वर्ष .... अनुक्रमांक .... सहित उत्तीर्ण करने से संबंधित मेरा मूल / डुप्लीकेट प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया / नष्ट हो गया / खराब (विकृत) हो गया है।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर ....

फोन नं. ....

अभ्यर्थी का नाम ....

मोबाईल नं. ....

पूरा पता ....

.... (मय पिनकोड)

2. प्रार्थी को शपथ पत्र में अंकन करना आवश्यक होगा कि उसके द्वारा एक न्यूज पेपर में अपने मूल प्रमाण पत्र के खोने की प्रेस अधिसूचना प्रकाशित करा दी है तथा इसकी कटिंग कर प्रति संलग्न कर रहा / रही है।

3. प्रार्थी को आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र में मजिस्ट्रेट / नोटेरी से अपनी पासपोर्ट साइज की फोटो भी प्रमाणित करनी होगी। इस शपथ पत्र में मजिस्ट्रेट / नोटेरी से संलग्न निर्धारित प्रारुप में प्रमाणित

शुदा प्रस्तुत करना होगा। जिसमें यह अंकन करना होगा कि मूल प्रमाण पत्र मिलने पर बोर्ड में पुनः जमा करा दूंगा।

4. आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को पंजीकृत डाक द्वारा प्रमाण पत्र/अंकतालिका सह प्रमाण पत्र भेजा जावेगा।

नोट :– इस शपथ पत्र का प्रारुप बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.nic.in पर उपलब्ध है।

नोटः– स्वयंपाठी/विद्यालयों से लौटे प्रमाण पत्रों की यदि अभ्यर्थियों द्वारा पुनः मांग की जाती है तो उन्हें आवेदन के साथ ₹ 50/– शुल्क भेजना होगा।

16. मान्यता प्राप्त संस्थाओं में समस्त प्रवेश प्रति वर्ष शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित तिथि तक पूर्ण हो जाएंगे और इसके पश्चात् किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

17. बोर्ड द्वारा ली गई परीक्षा में प्रत्येक विषय के कुल प्राप्तांकों से अभ्यर्थियों को परीक्षाफल की घोषणा के पश्चात् सूचित कर दिया जाएगा। प्राप्तांक नियमित अभ्यर्थियों को शाला प्रधान तथा स्वयंपाठीअभ्यर्थियों को संबंधित परीक्षा केन्द्र (जहां परीक्षार्थी ने परीक्षा दी) के द्वारा भिजवाए जाएंगे। मूल अंकतालिका खो जाने, नष्ट हो जाने, अथवा अपवाहित होने की सूचना पर उसकी दूसरी प्रति इस हेतु निर्धारित शुल्क प्राप्त होने पर सचिव द्वारा जारी कर दी जाएगी।

18. बोर्ड की किसी परीक्षा में सफल घोषित किया हुआ अभ्यर्थी परीक्षाफल घोषित होने के पश्चात् तथा प्रमाण पत्र पाने से पूर्व परीक्षा में उत्तीर्णता के अस्थायी प्रमाण पत्र के लिए सचिव को आवेदन पत्र दे सकता है। आवेदन पत्र के साथ निर्धारित शुल्क सचिव को भेजना होगा।

19. दूसरे बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय में स्थानान्तरण की आवश्यकता होने पर निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन पत्र प्राप्त होने पर सचिव द्वारा प्रव्रजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) दिया जाएगा। मूल प्रव्रजन प्रमाण पत्र के खो जाने या नष्ट हो जाने की सूचना मिलने पर निर्धारित शुल्क के साथ पुनः आवेदन करने पर उसकी दूसरी प्रति दे दी जायेगी।

20. **(i)** इस बोर्ड की संबंधित परीक्षा में सैकण्डरी/सीनियर सैकण्डरी तथा प्रवेशिका/वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् पूर्व में लिए गए विषयों में से किसी या किन्हीं विषयों में प्राप्तांकों में सुधार हेतु (श्रेणी–6) अथवा पूर्व में लिए गए विषयों में श्रेणी सुधार (श्रेणी–2) के लिए बैठने हेतु छात्रों को नियमित अथवा स्वयंपाठी अभ्यर्थी के रूप में प्रवेशाज्ञा दी जा सकेगी किन्तु परीक्षार्थी को जिस वर्ष की परीक्षा में प्रविष्ठ होना है, उस सत्र के लिये निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार ही अध्ययन कर परीक्षा में सम्मिलित होना होगा।

(ii) छात्र को अंक सुधार/श्रेणी सुधार/वर्ग परिवर्तन कर परीक्षा में बैठने की अनुमति संबंधित परीक्षा उत्तीर्ण करने के वर्ष की निरन्तरता में मात्र एक अवसर (एक बार) तक ही प्रदान की जावेगी।

(iii) श्रेणी–2 (श्रेणी सुधार) में परीक्षार्थी को विषय परिवर्तन कर परीक्षा में प्रविष्ट होने की प्रवेशाज्ञा प्रदान नहीं की जावेगी। किन्तु श्रेणी–2 के साथ श्रेणी–4 में अतिरिक्त विषय जीव विज्ञान/गणित या संस्कृत में अतिरिक्त वैकल्पिक विषय के रूप में प्रविष्ट होने की प्रवेशाज्ञा दी जा सकेगी।

(iv) उच्च परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को बोर्ड की किसी भी परीक्षा में प्रविष्ट होने की अनुमति प्रदान नहीं की जावेगी।

(v) ऐसे छात्र जो बोर्ड की 10+2 योजना के अन्तर्गत माध्यमिक स्तर व उच्च माध्यमिक स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण हो वो श्रेणी–4 में अतिरिक्त विषय में प्रविष्ठ हो सकेंगे।

ध्यातव्य :–

(i) अंकों में सुधार (श्रेणी–6) हेतु बैठने वाले अभ्यर्थियों को केवल अंकतालिका ही प्रदान की जावेगी उन्हें कोई प्रमाण पत्र नहीं दिया जाएगा। शेष अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण होने पर अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र अलग से दिए जायेंगे।

(ii) उच्च माध्यमिक परीक्षा से सम्बन्धित।

(iii) उच्च माध्यमिक परीक्षा से सम्बन्धित।

(iv) पुनः परीक्षा में प्रविष्ठ होने वाले अभ्यर्थियों को अपने परीक्षार्थ आवेदन पत्र के साथ पूर्व में इस बोर्ड से उत्तीर्ण की गई परीक्षा मूल प्रलेख पुष्टि हेतु संलग्न करने होंगे जो प्रवेश पत्र के साथ लौटा दिए जायेंगे।

(v) इस बोर्ड की सैकण्डरी स्कूल/सीनियर सैकण्डरी (अकादमिक)/प्रवेशिका/वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षाओं के परीक्षोत्तीर्ण छात्रों को उसी स्तर की परीक्षा में नियमित/स्वयंपाठी अभ्यर्थी के रूप में श्रेणी सुधार अथवा अंक सुधार हेतु बैठने की अनुज्ञा दी जा सकेगी।

(vi) इस बोर्ड की सैकण्डरी/सीनियर सैकण्डरी/वरिष्ठ उपाध्याय /प्रवेशिका या समकक्ष परीक्षा अथवा उच्च परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थी को एक बार परीक्षा उत्तीर्ण कर लेने के बाद उसी परीक्षा में दोबारा श्रेणी–1 में प्रवेशाज्ञा नहीं दी जावेगी किन्तु यदि वह समकक्ष किसी अन्य परीक्षा में प्रविष्ठ होना चाहता है तो उसे प्रवेशाज्ञा दी जा सकेगी।

21. बोर्ड के अधिकार क्षेत्र के बाहर से आये हुए अभ्यर्थियों को मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश के लिए तथा बोर्ड की परीक्षा में बैठने के लिए पात्रता बोर्ड कार्यालय द्वारा समय–समय पर बोर्ड द्वारा लिए गए अथवा लिए जाने वाले निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में प्रकाशित अनुदेशिका में दी गई सूचना के अनुसार नियत की जायेगी। इस अनुदेशिका को इस विनियम का ही भाग माना जावेगा। बिना प्रमाण पत्र के आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

22. बोर्ड की विभिन्न परीक्षाओं में दृष्टिहीन तथा शारीरिक अयोग्यता के कारण स्वयं लिखने में असमर्थ अभ्यर्थियों को मेडिकल अधिकारी (जो कि राजकीय चिकित्सालय का प्रभारी हो) तथा अधिगत अक्षम (अपठन, अगणन व अलेखन) बीमारी से ग्रसित परीक्षार्थियों को मेडिकल कॉलेज स्तरीय चिकित्सालय में गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा Moderet एवं Severe श्रेणी में चिन्हित करने का तदाशय का प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी से प्रति हस्ताक्षर करवाकर बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्र में (मूल रूप से) प्रस्तुत करने पर एवं स्थाई रूप से विकलांग परीक्षार्थी जिनके पास मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी स्थाई विकलांगता प्रमाण पत्र, जिनसे बोर्ड की शर्तें पूर्ण होती हों, को सक्षम अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित कराने की छूट प्रदान की गई है। निर्दिष्ट नियमों के अनुसार परीक्षार्थी को एक घण्टा अतिरिक्त/श्रुतलेखक दिया जावेगा। श्रुतलेखक की स्थिति में भी एक घंटा अतिरिक्त देय होगा।

श्रुतलेखक के सम्बन्ध में –

(i) (अ) श्रुतलेखक के लिये आवेदन पत्र जिसमें श्रुतलेखक का नाम, उसका फोटो, जन्मतिथि एवं योग्यता संबंधित विद्यालय से प्रमाणित करवा कर परीक्षार्थी का नाम, परीक्षा का नाम जिसमें वह प्रविष्ठ हो रहा है, आदि

पूर्ण विवरण सहित केन्द्राधीक्षक परीक्षा आरम्भ होने से एक पक्ष पूर्व बोर्ड सचिव के पास स्वीकृति हेतु भेज देगा।

(ब) परीक्षार्थी बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रारूप में राजकीय चिकित्सा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी का सक्षम अधिकारी से प्रति हस्ताक्षरित मूल चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा। इस प्रमाण पत्र पर यह भी उल्लेख होना आवश्यक है कि परीक्षार्थी उपरोक्त दुर्घटना के कारण स्वयं लिखने में असमर्थ है।

(स) परीक्षार्थी के वीक्षण कार्य हेतु वीक्षक की नियुक्ति की सूचना संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी एवं बोर्ड कार्यालय को तुरन्त प्रेषित की जावेगी।

(द) श्रुतलेखक देने की दिनांक से ही समस्त मूल दस्तावेजों के साथ प्रकरण पुष्टि हेतु बोर्ड कार्यालय को प्रेषित करेगा। प्रकरण के साथ परीक्षार्थी का मूल प्रार्थना पत्र, बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर मूल चिकित्सा प्रमाण पत्र, श्रतुलेखक के संबंध में प्रमाणीकरण तथा वीक्षक की नियुक्ति आदेश की सूचना संलग्न कर प्रेषित करना अनिवार्य है।

(ii)(अ) आकस्मिक परिस्थितियों में श्रुतलेखक की नियुक्ति केन्द्राधीक्षक, अतिरिक्त केन्द्राधीक्षक एवं एक वीक्षक की समिति द्वारा की जायेगी। श्रुतलेखक की नियुक्ति की पुष्टि बोर्ड कार्यालय से तुरन्त करानी होगी तथा संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी को भी इसकी सूचना प्रेषित करनी होगी। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इसकी सूचना जिले के उडनदस्तों को दी जायेगी।

(ब) आकस्मिक परिस्थिति में नियमानुसार श्रुतलेखक देने की समस्त जिम्मेदारी केन्द्राधीक्षक की है। अतः इसमें किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो केन्द्राधीक्षक इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

(iii) श्रुतलेखक की योग्यता परीक्षार्थी के कम होगी। माध्यमिक/प्रवेशिका परीक्षा के लिए कक्षा–8 उत्तीर्ण अथवा कक्षा–9 में अध्ययनरत तथा उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा के लिये माध्यमिक/प्रवेशिका परीक्षा उत्तीर्ण अथवा कक्षा–11 में अध्ययनरत विद्यार्थी होना चाहिए। यह व्यवस्था सभी परीक्षार्थियों के लिए समान रूप से लागू है।

(iv) श्रुतलेखक के रूप में नियुक्त किये जाने हेतु अधिकतम आयु सीमा माध्यमिक/प्रवेशिका परीक्षा हेतु कक्षा–9 के नियमित छात्रों के प्रवेश हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा तथा उच्च माध्यमिक /वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा हेतु कक्षा–11 के नियमित छात्रों के प्रवेश हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा के अनुरूप ही निर्धारित की जाती है।

(v) केन्द्राधीक्षक द्वारा श्रुतलेखकों को एक प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा जिस पर श्रुतलेखक का फोटो भी प्रमाणित होगा। इसकी प्रति बोर्ड कार्यालय एवं संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी को भेजी जायेगी।

(vi) श्रुतलेखक केन्द्राधीक्षक ही चुनेगा जो परीक्षार्थी से संबंधित नहीं होगा।

(vii) श्रुतलेखक वही लिखेगा जो परीक्षार्थी लिखने को कहे।

(viii) केन्द्राधीक्षक शारीरिक अयोग्यता के कारण स्वयं लिखने में असमर्थ अभ्यर्थी को एक पृथक वीक्षक के वीक्षण में अलग कमरे में बिठाने की व्यवस्था करेगा। दृष्टिहीन अभ्यर्थी के लिए वीक्षक को सम्पूर्ण परीक्षा के समय पास बैठकर यह भी देखना होगा कि श्रुतलेखक वही लिखता है जो दृष्टिहीन व्यक्ति उसको लिखने को कहे।

(ix) परीक्षार्थी को वीक्षक को वीक्षण कार्य के भुगतान एवं श्रुतलेखक के पारिश्रमिक का अतिरिक्त भार स्वयं को वहन करना होगा। केन्द्राधीक्षक इस हेतु बोर्ड द्वारा समय–समय पर निर्धारित परीक्षा काल वीक्षण एवं श्रुतलेखक का पारिश्रमिक परीक्षार्थी से लकर संबंधित को वितरित करेंगे। नेत्रहीन अभ्यर्थी को उपर्युक्त व्यय भार से मुक्ति रहेगी। यह व्यय भार बोर्ड वहन करेगा। अतः यह पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक बिल में सम्मिलित कर दिया जाना चाहिए।

(x) प्रायोगिक परीक्षा के लिए श्रुतलेखक नहीं दिया जायेगा। इस नियम के अन्तर्गत जो कार्य हाथ से करने पडते हैं वह भी आते हैं यथा शीघ्रलिपि, मानचित्र (Maps), आरूप मानचित्र (Sketches), रेखाचित्र (Diagram), चित्रकला (Drawing and Painting), सिलाई तथा बुनाई (Sewing and Knitting), और पाक विज्ञान (Cookery) इत्यादि। परन्तु दृष्टिहीन छात्रों के लिए टंकण लिपि की परीक्षा में वाचक की व्यवस्था की जा सकती है।

23. आवेदन पत्रों को बोर्ड द्वारा निर्धारित निकटतम नोडल विद्यालय तक भेजने में होने वाले व्यय को पुनर्भरण करने के कारण अग्रेषण अधिकारी नियमित अभ्यर्थी से अधिकतम (Maximum) ₹ 20/– प्रति छात्र तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थी से ₹ 40/– प्रति छात्र अग्रेषण शुल्क के रूप में ले सकते हैं।

24. किसी भी अभ्यर्थी द्वारा बोर्ड की परीक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए गए मूल स्थानान्तरण प्रमाण पत्र लौटाने के लिए निवेदन करने पर ऐसे अभ्यर्थी को मूल स्थानान्तरण प्रमाण पत्र लौटा दिया जाएगा तथा कार्यालय में उसकी फोटो स्टेट कॉपी करवाकर रिकॉर्ड में रखी जाएगी। इस हेतु अभ्यर्थी को ₹ 25/– शुल्क के रूप में देने होंगे।

25. किसी भी अभ्यर्थी को बोर्ड की दो विभिन्न परीक्षाओं में एक साथ बैठने की अनुज्ञा तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि इस हेतु अन्यथा प्रावधान न हो।

26 इस बोर्ड से सैकण्डरी/प्रवेशिका परीक्षा उतीर्ण अभ्यर्थी यदि चाहे तो ऐसे विषय जो उसने पूर्व में नहीं लिये हो बाद के वर्षो में उन विषय/विषयों में प्रविष्ठ हो सकता है किन्तु उन विषयों में प्रायोगिक कार्य निहित नहीं हो।

27. (अ) जो छात्र कक्षा–9 उत्तीर्ण कर सैकण्डरी स्कूल परीक्षा में स्वयंपाठी रूप में प्रविष्ट हो अनुत्तीर्ण रहे हों और कक्षा–10 में नियमित रूप में प्रवेश पाना चाहते हों तो उन्हें नियमित प्रवेश दिया जा सकेगा।

(ब) जिन छात्रों ने सैकण्डरी स्कूल परीक्षा में नियमित रूप से प्रविष्ट हो अनुत्तीर्ण रहने के पश्चात् अध्ययन छोड़ दिया हो अथवा जिन्हें बोर्ड ने किन्हीं कारणों से वंचित कर दिया हो तो वे यदि कक्षा–10 में पुनः प्रवेश लेना चाहें तो उन्हें नियमित प्रवेश दिया जा सकेगा।

(स) माध्यमिक परीक्षा में स्वयंपाठी परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण रहे परीक्षार्थियों को माध्यमिक परीक्षा में नियमित परीक्षार्थी के रूप में प्रवेश दिया जा सकेगा। ऐसे परीक्षार्थियों को कक्षा–9 उत्तीर्ण /अनुत्तीर्ण की बाध्यता नहीं होगी।

28. (अ) उच्च माध्यमिक परीक्षा से सम्बन्धित।

(ब) उच्च माध्यमिक परीक्षा से सम्बन्धित।

29. उच्च माध्यमिक परीक्षा से सम्बन्धित।

30. बोर्ड की विभिन्न परीक्षाएं उत्तीर्ण कर लेने के प्रमाण पत्र लेने का वही अभ्यर्थी अधिकारी होगा जो उसी परीक्षा के लिए दिए गए प्रत्येक विषय में अथवा उसके खण्डों में (यदि विवरणिका में ऐसा उल्लेख हो) पृथक–पृथक उत्तीर्ण हो जाए। न्यूनतम उत्तीर्णांक 33 प्रतिशत होंगे। प्रत्येक विषय अथवा उसके खण्ड के लिए निर्दिष्ट पूर्णांक एवं न्यूनतम अंक सतत् आंतरिक मूल्यांकन अथवा प्रायोगिक कार्य के लिए निर्धारित अंक, लिखित प्रश्न पत्रों एवं प्रायोगिक परीक्षाओं की (जहां वह निर्धारित हो) कालावधि का विवरण विवरणिका में दी गई सारिणी के अनुसार होगा।

प्रथम और द्वितीय श्रेणियों में उत्तीर्णता के लिए क्रमशः पूर्णांकों के योग का 60 और 45 प्रतिशत प्राप्तांक होना चाहिए। जिन अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों का योग पूर्णांकों के योग के 45 प्रतिशत से कम होगा और जिन्होंने प्रत्येक विषय में कम से कम न्यूनतम उत्तीर्णांक प्राप्त किए होंगे उनको तृतीय श्रेणी दी जावेगी। विशेष योग्यता किसी भी विषय में न्यूनतम 75 प्रतिशत अथवा इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर दी जाएगी। उच्च माध्यमिक परीक्षा में विशेष योग्यता केवल वैकल्पिक वर्गों के विषयों में ही दी जावेगी।

31. बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी करने वाली कक्षाओं को पढाने हेतु नियुक्त समस्त अध्यापकों द्वारा डायरी रखी जाएगी उसमें उनके द्वारा पढाए गए प्रत्येक विषय का कक्षावार विवरण रहेगा। इन डायरियों का निरीक्षण मौखिक तथा प्रायोगिक परीक्षक अथवा बोर्ड द्वारा नियुक्त अन्य प्राधिकारी कर सकेंगे।

32. आवधिक (Terminal) परीक्षाओं के दिए गए प्रश्न पत्र एवं अभ्यर्थियों की लिखित उत्तर पुस्तिकाओं का भी बोर्ड द्वारा नियुक्त प्राधिकारियों द्वारा बोर्ड के निर्देशानुसार निरीक्षण किया जा सकता है।

33. संस्था का प्रधान मौखिक अथवा प्रायोगिक परीक्षक को अथवा बोर्ड द्वारा नियुक्त अन्य पदाधिकारी को उससे सम्बद्ध विषय अथवा विषयों में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की सूची देगा तथा प्रत्येक अभ्यर्थी के सम्मुख परीक्षा के लिए निर्दिष्ट पाठ्यक्रम को पूर्ण करने की अवधि में किए हुए उसके कार्य के अभिलेख के आधार पर वर्णित उसके प्रावीण्य के संबंध में अपनी सम्मति अंकित करेगा।

34. माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा के नियमित परीक्षार्थियों के लिये आवश्यक निर्देश :

(i) अनिवार्य विषयों के अतिरिक्त एस. यू. पी. डब्ल्यू., कला शिक्षा और स्वास्थ्य शिक्षा के स्थान पर सिलाई, काष्ठ कला एवं चित्रकला के विषयों को निर्धारित किया गया है।

(ii) इन परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र हल करने हेतु सामान्य अवधि से एक घंटा अतिरिक्त दिया जायेगा।

(iii) इन परीक्षार्थियों की परीक्षा बोर्ड परीक्षा के साथ ही इसी माध्यमिक परीक्षा के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही निर्धारित की गई है।

35. अंक सुधार/श्रेणी सुधार/वर्ग परिवर्तन कर परीक्षा में प्रविष्ठ होने की अनुमति संबंधित परीक्षा उत्तीर्ण करने के वर्ष से निरन्तर में मात्र एक अवसर (एक बार) तक ही प्रदान किया जावेगा तथा परीक्षार्थी जिस वर्ष की परीक्षा में प्रविष्ठ होगा उस सत्र के लिए निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार ही उसे प्रविष्ठ होना होगा।

36. स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को पाठ्यक्रम में उल्लेखित कोई भी विषय लेने की अनुमति होगी, चाहे वह विषय किसी मान्यता प्राप्त संस्था में नहीं पढाया जा रहा हो अथवा जिसमें किसी संस्था को मान्यता प्राप्त नहीं था।

37. उच्च माध्यमिक परीक्षा से सम्बन्धित।

38. किसी नियमित छात्र/छात्रा के जन्म तिथि/नाम/पिता का नाम/माता का नाम/उपनाम में संशोधन के लिये बोर्ड परीक्षा आवेदन पत्र भरने की एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क सहित की निर्धारित तिथि से पूर्व संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सुधार के आदेश जारी होने पर कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। बिना विलम्ब शुल्क की तिथि से 45 दिन पूर्व संशोधन हेतु आवेदन करने की पूर्व में निर्धारित शर्त को विलोपित कर दिया गया है। प्रतिवर्ष एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क की निर्धारित तिथि के पश्चात् जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेशों के संशोधन को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

39. परीक्षार्थी आवेदन पत्र भरने के पश्चात् यदि परीक्षार्थी विषय परिवर्तन करना चाहे तो निम्नानुसार विषय परिवर्तन कर सकेगा–

1. 30 नवम्बर तक प्रति विषय एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क के साथ प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत करने पर। 2. 31 दिसम्बर तक प्रति विषय एक परिवर्तन करने हेतु प्रति विषय दुगना परीक्षा शुल्क के साथ प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत करने पर

3. 31 दिसम्बर के पश्चात् बोर्ड स्तर/परीक्षा केन्द्र पर प्रश्न पत्र उपलब्ध होने की स्थिति में ₹ 1000/– अतिरिक्त शुल्क प्रति विषय के साथ प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत करने पर।

4. यदि परीक्षा केन्द्र पर संबंधित विषय के प्रश्न–पत्र उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ₹ 2000/– प्रति विषय अतिरिक्त शुल्क के साथ प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत करने पर। यह अनुमति परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के तीन दिवस पूर्व तक निर्धारित शुल्क एवं प्रार्थना–पत्र बोर्ड में जमा कराने पर ही दी जावेगी।

नोट :– (i) स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को जिन विषयों में प्रायोगिक परीक्षा होती है, उन विषयों में 31 दिसम्बर के पश्चात् परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

(ii) नियमित परीक्षार्थी के लिये विद्यालय से यह प्रमाणित होने पर कि परीक्षार्थी ने वर्ष भर यही विषय पढ़ा है तथा अर्द्ध वार्षिक परीक्षा एवं प्रायोगिक परीक्षा भी उसी विषय में दी है, जिसका परिवर्तन चाहता है। विषय परिवर्तन की अनुमति दी जा सकेगी।

40. नियमित छात्र किसी भी स्थिति में स्वयंपाठी रूप में नहीं बैठ सकता है, चाहे कोई भी परिस्थिति रहीं हो।

41. उच्च माध्यमिक परीक्षा से सम्बन्धित।

42. नियमित विद्यार्थियों हेतु राजस्थान अध्ययन विषय का मूल्यांकन विद्यालय आधारित होगा। सैद्धान्तिक विषय के 80 अंक तथा प्रोजेक्ट कार्य हेतु 20 अंक निर्धारित है। विद्यालय द्वारा सैद्धान्तिक तथा प्रोजेक्ट के प्राप्तांकों को ग्रेड में परिवर्तित कर बोर्ड को प्रेषित किया जायेगा। विद्यालयों द्वारा प्रेषित ग्रेड को बोर्ड द्वारा अंकतालिका में दर्शाया जायेगा।

43. नियमित विद्यार्थियों को समाज सेवा विषय की ग्रेडिंग शाला द्वारा प्रदान की जायेगी एवं बोर्ड द्वारा इसे परीक्षार्थी की अंक तालिका में दर्शाया जाएगा। एन.एस.एस. के परीक्षार्थी को समाज सेवा विषय में मुक्त रखा जायेगा।

44. परीक्षार्थी को प्रश्नपत्र पर निर्धारित स्थान पर नामांक लिखना अनिवार्य है।

पूरक परीक्षायें
(बोर्ड विनियम अध्याय–17)

1. प्रतिवर्ष अगस्त / सितम्बर माह में ऐसे परीक्षार्थियों के लिए पूरक परीक्षाएँ आयोजित होंगी जो उससे तुरन्त पूर्व की परीक्षा में सभी विषयों में बैठकर पूरक परीक्षा योग्य घोषित किये गये हो।
2. पूरक परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु परीक्षार्थियों को केवल एक अवसर पूरक परीक्षा के समय ही देय होगा।
3. पूरक परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों को उनके अपने दायित्व पर संस्थाओं के प्रधानों द्वारा पूरक परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होने तक ऊपर की कक्षा में बैठने की अस्थायी अनुज्ञा दी जा सकती है। ऐसे विद्यार्थियों के पूरक परीक्षा में असफल हो जाने पर उनको पुनः नीचे की कक्षा में भर्ती होना पड़ेगा और उस कक्षा में उनकी उपस्थिति पुनः प्रवेश की तिथि से गिनी जायेगी परन्तु यह तिथि पूरक परीक्षा के परिणाम की घोषणा की तिथि से दस दिन से अधिक बाद की नहीं होगी।

   पूरक परीक्षा में प्रविष्ट हुआ छात्र यदि परिणाम घोषित होने के पूर्व प्रवेश ले लेता है तो भी उसकी उपस्थिति गणना पूरक परीक्षा के परिणाम घोषित होने के दिनांक से ही की जायेगी। यदि वह पूरक परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद प्रवेश लेता है तो उसकी उपस्थिति गणना प्रवेश की तिथि से की जावेगी जो पूरक परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से दस दिन से अधिक बाद की नहीं होगी।
4. वर्ष 2012 की परीक्षा से पूरक परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थी को दी जाने वाली अंकतालिका में मुख्य परीक्षा में अर्जित किये गये अंकों के साथ पूरक परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्णांक अंकित कर श्रेणी देते हुए अंकतालिका जारी कर दी जावेगी।
5. पूरक परीक्षा योग्य घोषित परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र पर परीक्षार्थी का परीक्षा केन्द्र भी मुद्रित होगा। नियमित परीक्षार्थी अपने शाला प्रधान और स्वयंपाठी परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा के केन्द्र से निर्धारित परीक्षा शुल्क बोर्ड द्वारा निश्चित तिथियों तक जमा करायेगें एवं वहां से ही प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षार्थी अपनी मुख्य परीक्षा की अंकतालिका प्राप्त करते समय शाला प्रधान / केन्द्राधीक्षक से पूरक परीक्षा आयोजन सम्बन्धी निर्देश प्राप्त करलें जिसमें सामान्य परीक्षा शुल्क एवं एक अतिरिक्त परीक्षा शुल्क की तिथियों का उल्लेख होगा। परीक्षार्थी अतिरिक्त परीक्षा शुल्क की तिथि के पश्चात परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व तक परीक्षा केन्द्र पर असाधारण विलम्ब शुल्क ₹ 1000 /– के साथ प्रवेश पत्र प्रस्तुत कर केन्द्राधीक्षक से प्रमाणित करवाकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।
6. पूरक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों को बोर्ड द्वारा इस हेतु निर्धारित प्रपत्र में प्रमाण पत्र दिया जायेगा।
7. पूरक परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे अथवा बैठने में असमर्थ रहे अभ्यर्थियों का शुल्क लौटाया नहीं जायेगा परन्तु यदि अभ्यर्थी की परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व मृत्यु हो गई होगी तो शुल्क लौटा दिया जायेगा।

शुल्क में से कोई कटौती नहीं की जावेगी तथा मनीऑर्डर कमीशन भी बोर्ड वहन करेगा।

8. यह सन्तोष हो जाने पर कि अभ्यर्थी ने बोर्ड की पूरक परीक्षा में प्रवेश सम्बन्धी समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति कर दी है, सचिव द्वारा प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा जिसे परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को प्रस्तुत करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने दिया जायेगा।

9. अध्यक्ष के आदेश से पूरक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया जायेगा। उसके लिये परीक्षाफल समिति की बैठक आवश्यक नहीं होगी।

10. बोर्ड की पूरक परीक्षा में बैठा अभ्यर्थी, निर्धारित नियमों के अनुसार, अपने अंकों की संवीक्षा (पुनर्गणना) के लिये सचिव को आवेदन पत्र परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से एक माह के भीतर दे सकता है।

11. पूरक परीक्षा के समय अतिरिक्त विषयों में प्रवेशाज्ञा नहीं दी जायेगी।

माध्यमिक परीक्षा
(बोर्ड विनियम अध्याय–18)

1. स्वयंपाठी अभ्यर्थी के रूप में प्रवेश लेने वालों के अतिरिक्त माध्यमिक परीक्षा में वे ही अभ्यर्थी प्रवेश ले सकेंगे जिनकी पाठ्यक्रम के अध्ययन में बोर्ड द्वारा निर्धारित मान्यता प्राप्त माध्यमिक अथवा उच्च माध्यमिक स्कूलों की कक्षा 10 के एक सत्र की नियमित उपस्थिति बोर्ड विनियमानुसार हो तथा जो अध्याय 16 में शालाओं में प्रवेश के सम्बन्ध में दिये गये प्रतिबन्धों की पूर्ति करते हों। माध्यमिक परीक्षा, कक्षा–10 के अन्त में समय–समय पर निर्धारित परीक्षा योजना व पाठ्यक्रम के अनुसार ली जायेगी।

2. **माध्यमिक परीक्षा में निम्नलिखित विषय होंगे :–**

भाषायें : 1. (1) हिन्दी (2) अंग्रेजी

(3) तृतीय भाषा : निम्नांकित में से कोई एक भाषा :

(अ) वर्तमान में निर्धारित पाठ्यक्रम वाले विषय :

1. संस्कृत, 2. उर्दू,
3. गुजराती, 4. सिन्धी, 5. पंजाबी,

(ब) वर्तमान में परीक्षा संचालित नहीं होने वाले विषय :

6. बंगला, 7. असमिया,
8. कश्मीरी, 9. कन्नड़,
10. मराठी, 11. उड़िया,
12. तेलगू 13. मलयालम 14. तमिल

2. विज्ञान
3. सामाजिक विज्ञान
4. गणित
5. राजस्थान अध्ययन
6. शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा
7. फाउण्डेशन ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी
8. (i) समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा (ii) कला शिक्षा

3. माध्यमिक परीक्षा के अभ्यर्थी भाषा विषयों को छोड़कर सभी विषयों में अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू अथवा सिन्धी माध्यम से प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। भाषा विषयों में (संस्कृत के अतिरिक्त) सम्बद्ध भाषा में अथवा प्रश्न–पत्र में दिये निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक होगा। संस्कृत विषयों में प्रश्नों के उत्तर हिन्दी अथवा अंग्रेजी में दिये जायेंगे।

4. माध्यमिक परीक्षा में प्रविष्ट हो उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को दिए जाने वाली अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र में जन्मतिथि का उल्लेख होगा।

ध्यातव्य :–

(1) समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा, कला शिक्षा विषय के अन्तर्गत विषयों की सैद्धान्तिक परीक्षाएँ बोर्ड द्वारा नहीं ली जावेंगी तथा शाला स्तर पर इनका आंतरिक मूल्यांकन ''ग्रेडिंग प्रणाली'' से वर्ष के प्राप्तांकों के आधार पर किया जावेगा। नियमित परीक्षार्थियों का ग्रेडिंग व समेकित मूल्यांकन माह फरवरी के अंत तक बोर्ड को भेजा जावेगा। छात्रों के सत्र भर के कार्य का मूल्यांकन करने हेतु शाला द्वारा वर्ष भर में किये गये प्रत्येक कार्य का अभिलेख रखा जायेगा।

(2) मूक बधिर परीक्षार्थियों को माध्यमिक परीक्षा में अंग्रेजी (अनिवार्य) एवं तृतीय भाषा की छूट प्रदान की गई है।

(3) केवल मान्यता प्राप्त/राजकीय मूक बधिर विद्यालयों में नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए कक्षा 9 व 10 के पाठ्यक्रम को तीन सत्रों में 35+35+30 में विभाजित किया गया है। सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का 30 प्रतिशत कक्षा 10 की बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में पूछा जायेगा। इसका लाभ केवल मान्यता प्राप्त/राजकीय मूक बधिर विद्यालयों में नियमित अध्ययनरत छात्रों को ही देय होगा। पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों व प्रश्न बैंक आदि का निर्धारण माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा किया जायेगा। श्रेणी निर्धारण अन्य नियमित छात्रों की तरह ही रहेगा।

मूक बधिर छात्रों को अंग्रेजी व तृतीय भाषा की छूट रहेगी। यह छूट नियमित एवं स्वयंपाठी के लिए लागू होगी।

(4) **(i)** यदि किसी विद्यालय में अध्ययनरत नियमित परीक्षार्थी स्व–अध्ययन के आधार पर उपर्युक्त अनु. 2 (3अ) में वर्णित ऐसा तृतीय भाषा विषय लेना चाहता है जिसकी उस विद्यालय में मान्यता नहीं है अथवा नहीं पढ़ाया जा रहा है तो शाला प्रधान अपने स्तर पर परीक्षार्थी को स्व–अध्ययन की अनुमति के साथ परीक्षा आवेदन पत्र में इस तृतीय भाषा विषय की प्रविष्टि करा सकते हैं।

(ii) कार्यालय द्वारा जारी आदेश :– परीक्षा–।।/ई. एक्स/6/पात्रता 2851 दिनांक 30–05–2012 के अनुसार विभिन्न विद्यालयों में छात्रों को स्वअध्ययन की अनुमति देने हेतु प्रथम वर्ष में विद्यालय पर प्रति छात्र ₹ 2000/– की (छात्र संख्या–10 से अधिक होने पर) दण्ड राशि आरोपित होगी तथा अगले वर्ष यदि वही विद्यालय त्रुटि दोहराता है तो उस पर प्रति छात्र ₹ 10,000/– की (छात्र संख्या–10 से अधिक होने पर) दण्ड राशि आरोपित होगी।

(5) **(i)** राजस्थान अध्ययन विषय स्तर पर ली गई परीक्षा का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा। विद्यालय द्वारा प्रेषित ग्रेड को यथावत अंकतालिका में दर्शाया जायेगा।

(ii) परीक्षा श्रेणी 1 अर्थात प्रथम बार सभी विषयों में परीक्षा में सम्मलित होने वाले नियमित परीक्षार्थियों के लिए राजस्थान अध्ययन विषय अनिवार्य है शेष श्रेणी के परीक्षार्थियों के लिए इस विषय की अनिवार्यता नहीं होगी।

विद्यालय आधारित मूल्यांकन

1. प्रस्तावना

व्यक्तित्व विकास के शैक्षिक और सह शैक्षिक (Scholastic and Non-Scholastic) पहलुओं का सतत् एवम् व्यापक मूल्यांकन किया जाना अपेक्षित है। शिक्षा छात्रों के व्यक्तित्व विकास का साधन है अत: विद्यालय आधारित मूल्यांकन योजना विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। अब तक शैक्षिक विकास का मूल्यांकन तो होता रहा और महत्वपूर्ण भी माना जाता रहा, लेकिन सह-शैक्षिक पहलुओं के विकास का मूल्यांकन प्रभावी ढंग से नही किया गया। विभिन्न पाठ्येत्तर प्रवृत्तियों के आयोजन से विद्यार्थी में व्यक्तिगत व सामाजिक गुण विकसित होते हैं और उनके व्यक्तित्व का बहुमुखी विकास होता है। शैक्षिक मूल्यांकन के साथ सह-शैक्षिक क्षेत्र का मूल्यांकन विद्यालय आधारित मूल्यांकन का प्रमुख उद्देश्य है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान पूर्व की आन्तरिक मूल्यांकन योजना के स्थान पर विद्यालय आधारित मूल्यांकन को सत्र 2000–2001 से कक्षा IX व X में प्रारम्भ कर चुका है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में, विद्यालय आधारित सतत् मूल्यांकन उपयोगी सिद्ध होगा।

2. विद्यालय आधारित मूल्यांकन हेतु प्रवृत्तियों का कार्यक्षेत्र एवं दिशा निर्देश

(अ) कार्यक्षेत्र इस योजना के अन्तर्गत निम्मलिखित क्षेत्रों में विद्यार्थी के व्यक्तित्व विकास के लिये निर्धारित कार्यक्रम की क्रियान्विति की जाएगी–

1. पारिवारिक पृष्ठभूमि
2. पाठ्यक्रमानुसार शैक्षिक उपलब्धियाँ
3. उपस्थिति
4. सह-शैक्षिक प्रवृत्तियाँ (साहित्यिक व सांस्कृतिक)
5. चारित्रिक एवं सामाजिक सद्गुण
6. स्वास्थ्य एवं शारीरिक विकास

(ब) दिशा निर्देश : उपरोक्त कार्यक्षेत्र के आयोजन हेतु दिशा निर्देश निम्नानुसार हैं–

1. **छात्र पृष्ठभूमि**–विद्यार्थी के व्यक्तित्व का आर्थिक व सामाजिक परिप्रेक्ष्य में सर्वांगीण विकास और उसका सही मूल्यांकन करने हेतु छात्र पृष्ठभूमि की जानकारी अपेक्षित है। अत: मूल्यांकन प्रपत्र में इसका उल्लेख निर्धारित प्रारूप में किया जाएगा।

2. **पाठ्यक्रमानुसार शैक्षिक उपलब्धियाँ**–शैक्षिक आयोजन के अन्तर्गत निर्धारित पाठ्यक्रमानुसार विषय शिक्षण में समाहित है। संबंधित विषयों में विद्यार्थी की विद्यालय स्तर पर, शैक्षिक उपलब्धि का सामयिक उल्लेख प्रमाण-पत्र में किया जाएगा।

विद्यार्थी कक्षा IX में तीन सामयिक परख, अर्द्धवार्षिक तथा वार्षिक परीक्षा देता है। इसी प्रकार कक्षा X में वह दो सामयिक/मासिक परख एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षा देता है। यह उसके शैक्षिक ज्ञानात्मक मूल्यांकन का आधार बनता है। अत: इनकी प्रविष्टि निर्धारित प्रमाण-पत्र में किया जाना अपेक्षित है। कक्षा X में विद्यालय द्वारा दिये गये प्राप्तांक बोर्ड के प्राप्तांकों के साथ नहीं जोड़े जाएंगे लेकिन इनकी तुलना की जा सकेगी। इससे मूल्यांकन की विश्वसनीयता को बल मिलेगा।

3. **उपस्थिति**–विद्यार्थी की उपस्थिति उसकी नियमितता, समय की पाबन्दी एवं अनुशासन की द्योतक है। शैक्षिक उपलब्धि का दैनिक उपस्थिति से सीधा संबंध होता है अत: इसका उल्लेख प्रमाण–पत्र में अपेक्षित है।

4. **सह–शैक्षिक प्रवृत्तियाँ (साहित्यिक व सांस्कृतिक)**–व्यक्तित्व विकास में सह–शैक्षिक प्रवृत्तियों के आयोजन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रवृत्तियों के आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को अभिव्यक्ति का अवसर मिलता है एवं उनकी सृजनात्मक क्षमताओं का विकास होता है। इस हेतु विद्यालयों में निम्नलिखित साहित्यिक व सांस्कृतिक प्रवृत्तियों का आयोजन किया जाए। प्रत्येक छात्र को कम से कम एक प्रवृत्ति में भाग लेना अनिवार्य है। छात्र चाहे तो एक से अधिक प्रवृत्ति में भी भाग ले सकता है।

(अ) साहित्यिक
(1) भाषण कला
(2) सृजनात्मक लेखन
(3) पद्य–पाठ
(4) क्विज (प्रश्नोत्तरी)
(5) साक्षरता

(ब) सांस्कृतिक
(1) संगीत
(2) नृत्य
(3) अभिनय
(4) ड्राइंग तथा पेन्टिंग
(5) सांस्कृतिक धरोहर संवर्धन

साक्षरता एवं इस हेतु जन चेतना जागृत कर निरक्षरों को साक्षर करने का प्रयास एक मूल्यवान सेवा है। अत: साहित्यिक प्रवृत्तियों में साक्षरता सेवा को भी एक प्रवृत्ति के रूप में माना गया है।

सांस्कृतिक प्रवृत्तियों में ''सांस्कृतिक धरोहर संवर्धन'' का विशेष महत्व है, हमारी संस्कृति के मूल्यों की धरोहर संरक्षित रह और उसका संवर्धन हो–इस दृष्टि से सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थानों पर एक/दो/तीन दिवसीय शिविर आयोजित किये जाएं। त्यौहारों, मेलों, रीति–रिवाजों, स्मारकों, लोक–कलाओं एवं हस्तकलाओं का ज्ञान एवं तादात्मीकरण इसके अन्तर्गत आएगा। एस.य.पी.डब्ल्यू कैम्प के आयाम भी सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक हो सकते हैं।

व्यापक आन्तरिक मूल्यांकन में प्रति सप्ताह एक दिन '0' कालांश की व्यवस्था का इसमें उपयोग किया जाए।

अपनी सुविधाओं और उपलब्ध साधनों के अनुरूप विद्यालय इस प्रवृत्तियों को आयोजित करेंगे। वर्तमान में ''समाजोपयोगी उत्पादक और समाज सेवा'' तथा ''कला शिक्षा'' विषयों के अन्तर्गत विद्यार्थियों को इन सृजनात्मक प्रवृत्तियों में भाग लेकर अपने व्यक्तित्व के विकास का अवसर देने का प्रावधान है। विद्यार्थी की इन प्रवृत्तियों में रूचि और स्तर का मूल्यांकन उपर्युक्त विषयों में प्राप्त उपलब्धियों पर भी आधारित होगा।

5. **चारित्रिक एवं सामाजिक सद्‌गुण**–चरित्र निर्माण एवं सामाजिक सद्‌गुण छात्रों के व्यक्तित्व के सकारात्मक पहलू हैं। उनके व्यवहार में स्थाई परिवर्तन लाने के लिये उसमें ऐसे अपेक्षित गुणों का विकास होना चाहिये। विद्यालय में/समाज में उनको ऐसे अवसर मिलें जिनमें वह अपनी भागीदारी निभाते हुए इन गुणों को ग्रहण कर विकसित कर सके।

अत: उन्हें निम्नांकित गुणों का अपने व्यक्तिव में समावेश करने हेतु प्रेरित किया जाना अपेक्षित हैं–

(1) अनुशासन–नियमितता, समय की पाबन्दी, नियमों की पालना, शिष्ट व्यवहार, आज्ञाकारिता।

(2) स्वच्छता एवं पर्यावरण चेतना–छात्र की व्यक्तिगत स्वच्छता, विद्यालय परिसर की स्वच्छता, पर्यावरण चेतना।

(3) समाज के प्रति विद्यार्थी की अभिवृत्ति–सहपाठियों के साथ मित्रवत् सकारात्मक व्यवहार, विद्यालय के बाहर अनुकरणीय तथा प्रेरणास्पद क्रियाकलाप।

(4) शिक्षकों के प्रति आदरपूर्ण व्यवहार।

(5) विद्यालय एवम् राष्ट्रीय सम्पत्ति के प्रति सम्मान भावना, सुरक्षा एवं रखरखाव के प्रति जागरूकता।

(6) सेवा एवं त्याग की भावना–सहयोग एवं सहृदयता, दु:खी एवं पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता। निरक्षरों को साक्षर करना।

(7) भावात्मक स्थिरता–आत्मनियंत्रण का विकास तथा क्रोध, उत्तेजना व निराशा से बचाव।

(8) अधिकारों एवं कर्त्तव्यों के प्रति जागरूकता–अधिकारों व कर्त्तव्यों की चेतना, उपभोक्ता चेतना, पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों जैसे जल एवं ऊर्जा का सदुपयोग एवं संरक्षण के उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करना।

इन व्यवहारगत पक्षों के मूल्यांकन हेतु समाजमितिय प्राविधियां (Socio Metric Technique) का प्रयोग किया जाएगा, अवलोकन के आधार पर रेटिंग करते हुए ए, बी, सी, या डी ग्रेड दिये जाएंगे यह मूल्यांकन सत्र में दो बार माह अक्टूबर व फरवरी में किया जाए।

वर्तमान में समाजोपयोगी उत्पादन कार्य ओर समाजसेवा विषय के अन्तर्गत आयोजित प्रवृत्तियों – विशेषकर शिविर आयोजन के अवसर पर विद्यार्थी में उपर्युक्त सामाजिक गुणों को विकसित करने का अवसर देने तथा मूल्यांकन करने का प्रावधान है, उसे भी इस मूल्यांकन में पर्याप्त महत्व दिया जाए।

6. स्वास्थ्य एवं शारीरिक विकास–स्वस्थ मस्तिष्क के लिये स्वस्थ शरीर का होना आवश्यक है, अत: योग्य चिकित्कों द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच करवाना अपेक्षित है। स्वास्थ्य के बारे में सामान्य सूचना (जैसे ऊँचाई तथा वजन के बारे में) संकलित की जानी चाहिये। उम्र/लिंग से संबंधित ऊंचाई और वजन के चार्ट पहले से उपलब्ध हैं। शिक्षक को इन चार्ट के आधार पर विद्यार्थी की वजन व ऊंचाई की सामान्यता/असामान्यता के बारे में निर्णय लेकर प्रमाण–पत्रों में प्रविष्टियां करनी चाहिये। इसके अतिरिक्त कमजोर दृष्टि, दांतों के दोष, बहरापन, बीमारी के कारण दीर्घ अनुपस्थिति आदि का अभिलेख रखा जाना चाहिये। ऊंचाई की सेन्टीमीटर में और वजन की किलोग्राम में प्रविष्टियां की जानी चाहिए। स्वास्थ्य एवं शारीरिक विकास हेतु निम्नलिखित प्रवृत्तियों का सुविधानुसार आयोजन किया जाए। प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम दो प्रवृत्तियों में भाग लेना अनिवार्य है–

(1) एथेलेटिक्स

(2) तैराकी,

(3) जिम्नास्टिक्स,

(4) कुश्ती एवं जूड़ों,

(5) योगासन

(6) सामूहिक मार्चपास्ट,

(7) विभिन्न खेल आदि

(8) स्काउटिंग/गाइडिंग/एन.सी.सी.

पाठ्यक्रम में शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा विषय के अन्तर्गत भी इस प्रवृत्ति का मूल्यांकन अपेक्षित है।

माध्यमिक परीक्षा, 2013 के लिए परीक्षा योजना

	विषय (कोड संख्या)	प्रश्न पत्र	समय(घंटे)	पत्र/प्रायो.	सत्रांक	सत्रांक का विभाजन				पूर्णांक	न्यूनतम उत्तीर्णांक
						स्थानीय	प्रोजेक्ट	उपस्थिति	व्यवहार		
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1.	भाषायें:										
	(1) हिन्दी (01)	एक पत्र	3.15	80	20	10	5	3	2	100	33
	(2) अंग्रेजी (02)	एक पत्र	3.15	80	20	10	5	3	2	100	33
	(3) तृतीय भाषा: (कोई एक) संस्कृत (71)/गुजराती(73) /उर्दू (72)/सिन्धी (72) /पंजाबी(75)	एक पत्र	3.15	80	20	10	5	3	2	100	33
2.	विज्ञान (07)	एक पत्र	3.15	80	20	10	5	3	2	100	33
3.	सामाजिक विज्ञान (08)	एक पत्र	3.15	80	20	10	5	3	2	100	33
4.	गणित (09)	एक पत्र	3.15	80	20	10	5	3	2	100	33
5.	राजस्थान अध्ययन (79)	एक पत्र	3.15	80	20	–	20	मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर एवं प्राप्तांक को अंकतालिका में दर्शाया जायेगा।			
6.	शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा (82)	एक पत्र प्रायोगिक	3.15 0.30	70 30							
7.	फाउण्डेशन ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी	एक पत्र प्रायोगिक	3.15 2.00	70 30							
8.	(i) समाजोपयोगी उत्पा. कार्य एवं समाज सेवा(81) (S.U.P.W.& C.S.) (ii) कला शिक्षा (83)	100 अंकों का निर्देशानुसार विद्यालय स्तर पर मूल्यांकन ——— " ——— " ———				(i) इन विषयों का अंक तालिका में ग्रेडिंग का अंकन होगा। (ii) नियमित छात्रों के लिए अनिवार्य अर्हता कार्य पूर्ण करने का प्रमाण–पत्र उपस्थिति पत्र के साथ ही शाला प्रधान द्वारा बोर्ड कार्यालय को भेजा जाना आवश्यक है।					

नोटः

1. सत्रांक एवं सत्रीय कार्य के अंक विद्यालयों द्वारा बोर्ड को विषयवार प्रेषित किये जायेंगे।

2. सत्रांक लिखित परीक्षा के पूर्णाक के 20% होगें जिसके अन्तर्गत नियमित अभ्यर्थियों के लिये विद्यालय द्वारा ली गई अर्द्धवार्षिक एवं तीन सामयिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के 10% अंक होंगे, 5% प्रोजेक्ट कार्य, 5% उपस्थिति एवं छात्र व्यवहार के होंगे। स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिये सत्रांक हेतु विषयवार प्राप्तांक को पूर्णांकों के अनुपात में करके जोड़ा जायेगा।

(i) 3% अंक विद्यार्थियों की उपस्थिति पर निम्नानुसार दिये जा सकेंगेः–

75% से 80% तक उपस्थिति होने पर 1%

81% से 85% तक उपस्थिति होने पर 2%

86% से 100% तक उपस्थिति होने पर 3%

(ii) 2% अंक कक्षा में सहभागिता, व्यवहार एवं अनुशासन पर देय होंगे।

(iii) सत्रांक के प्राप्तांक भिन्न में होने पर अगले पूर्णांक में परिवर्तित करें।

(iv) संत्राकों से सम्बन्धित समस्त अभिलेखों को आगामी शैक्षिक सत्र में आयोजित बोर्ड की मुख्य परीक्षा तक विद्यालय द्वारा सुरक्षित रखा जायेगा, जिनका निरीक्षण बोर्ड एवं विभागीय अधिकृत अधिकारियों द्वारा कभी भी किया जा सकता है। बोर्ड द्वारा सम्पूर्ण सत्राावधि में सत्रांकों के आवंटन एवं अभिलेखों के संधारण की जांच की जा सकती है।

3. स्वयंपाठी अभ्यर्थी S.U.P.W. & C.S. कला शिक्षा, शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा, राजस्थान अध्ययन तथा फाउण्डेशन ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी विषयों से मुक्त रहेंगे।

4. फाउण्डेशन ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा में अर्द्धवार्षिक एवं प्रायोगिक परीक्षा के आधार पर पूर्णाक 100 में से विद्यालय बोर्ड को प्राप्तांक प्रेषित करेंगे। इन अंकों का उल्लेख बोर्ड द्वारा प्रदत अंकतालिका में कर दिया जावेगा। इस विषय में प्राप्तांक श्रेणी निर्धारण में नहीं जोड़े जायेंगे।

5. फाउण्डेशन ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी हेतु राज्य सरकार/माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर द्वारा जारी नवीनतम निर्देशों का अवलोकन करें एवं तदनुसार कार्यवाही करें।

6. राजस्थान अध्ययन विषय की परीक्षा विद्यालय स्तर पर आयोजित की जायेगी और प्राप्तांकों को बोर्ड कार्यालय में भिजवाया जायेगा। इस हेतु न्यूनतम उत्तीर्णाक 33 प्रतिशत निर्धारित है। ऐसे परीक्षार्थी जिन्होंने विद्यालय स्तर पर आयोजित परीक्षा में 33 प्रतिशत न्यूनतम उत्तीर्णाक प्राप्त नहीं किये हो तो उन्हें विद्यालय स्तर पर पुनः अवसर देय होगा।

7. समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा तथा कला शिक्षा का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा। इस विषय के प्राप्तांकों को ग्रेड में परिवर्तित कर बोर्ड को प्रेषित करेंगे । विद्यालयों द्वारा प्रेषित ग्रेड को अंकतालिका में दर्शाया जायेगा।

8. मूक बघिर छात्रों के लिए माध्यमिक परीक्षा (बोर्ड विनियम अध्याय 18) के ध्यातव्य का अवलोकन करें।

हिन्दी

इस विषय में एक प्रश्न–पत्र होगा जिसकी परीक्षा योजना निम्नानुसार हैः–

प्रश्न पत्र	समय (घण्टे)	प्रश्न–पत्र के लिए अंक	सत्रांक	पूर्णांक
एक	3.15	80	20	100

अधिगम क्षेत्र	अंक
अपठित गद्यांश	15
रचना	15
व्यावहारिक-व्याकरण	10
पाठ्य-पुस्तकें : **क्षितिज -भाग 2**	30
पूरक-पुस्तक : **कृतिका -भाग 2**	10

1. अपठित बोध **15**

(i) साहित्यिक गद्यांश (300 से 350 शब्द) 08

(ii) काव्यांश (200 से 250 शब्द) दो में से एक काव्यांश करना होगा। 07

उपर्युक्त गद्यांश एवम् काव्याशों पर शीर्षक का चुनाव, विषय-वस्तु का बोध, भाषिक बिंदुओं / विशेषताओं आदि पर अति लघूत्तरात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे।

2. रचना : **15**

(i) संकेत - बिंदुओं पर आधारित किसी एक आधुनिक विषय पर निबंध-लेखन (विकल्प सहित) 10

(ii) पत्र-लेखन (औपचारिक / अनौपचारिक पत्र) (विकल्प सहित) 05

व्यावहारिक-व्याकरण : **10**

(i) क्रिया - भेद : अकर्मक / सकर्मक, मुख्य क्रिया, सहायक क्रिया, संयुक्त क्रिया, क्रिया विशेषण 02

(ii) पद-परिचय 02

(iii) वाक्य-भेद : रचना के अनुसार, रचनान्तरण, वाक्य परिवर्तन 02

(iv) मुहावरे और लोकोक्तियां पाठ्य पुस्तक के आधार पर 02

(v) अलंकार : अनुप्रास, यमक, श्लेष, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा तथा मानवीकरण 02

पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पुस्तक **40**

क्षितिज (काव्यांश) **15**

(i) दो में से किसी एक काव्यांश पर अर्थ-ग्रहण संबंधी दो प्रश्न 04

(ii) कविताओं पर आधारित विषय-वस्तु/संदेश/जीवन-मूल्यों संबंधी

चार में से तीन प्रश्न 06

(iii) दो काव्यांशों मे से एक पर सराहना-संबंधी पाँच लघूत्तरात्मक प्रश्न 05

क्षितिज (गद्यांश) **15**

(i) दो में से एक गद्यांश पर अर्थ ग्रहण संबंधी दो प्रश्न 04

(ii) गद्य पाठों पर आधारित विषय-वस्तु संबंधी चार में से तीन प्रश्न 06

(iii) गद्य पाठों के विचार/संदेश से संबंधित दो लघूत्तरात्मक प्रश्न 3+2=05

पूरक-पुस्तक : कृतिका **10**

(i) पाठों पर आधारित दो में से एक निबंधात्मक प्रश्न (लगभग 150-200) 04

(ii) पाठों पर आधारित चार में से तीन लघूत्तरात्मक प्रश्न 06

निर्धारित पाठ्यपुस्तकें -

1. **क्षितिज भाग-2** - एन.सी.ई.आर.टी. से प्रतिलिप्याधिकार अन्तर्गत प्रकाशित
2. **कृतिका भाग-2** - एन.सी.ई.आर.टी. से प्रतिलिप्याधिकार अन्तर्गत प्रकाशित

ENGLISH

The examination scheme for the paper is as follows:-

Paper	Time	Marks	Sessional Marks	Total Marks
one	3.15 Hrs.	80	20	100

Area of Learning	Marks
Reading	15
Writing	15
Grammar	15
Text book :**First Flight**	25
Supp. book :**Foot Prints without Feet**	10

(1) Reading **15**

(i) Two unseen passages of total 500 words with a variety of questions including 4 marks for vocabulary.
Only prose passages will be used. One will be factual and the other will be literary. Passage 1 - 150 words (7 marks) - Four or five comprehension questions 07

(ii) Passage 2 - 200 words (8 marks)-Four or five comprehension questions and two questions on vocabulary. 08

(2) Writing **15**

(i) Letter writing- (One out of Two)
Informal - personal, such as to family and friends.
Formal - letters to the editor/letter of complaints, enquiries, requests, applications
Email - formal letters to the principal of the school or to the editor of a Newspaper or a Magazine. 05

(ii) Writing a short paragraph on a given outline / topic in about 60 words 04

(iii) Composition : A short writing task based on a verbal and / or visual stimulus. (diagram, picture, graph, map, chart, table, flow chart etc.) Maximum words 75 06

(3) Grammar **15**

A variety of short questions involving the use of particular structures within a context. Test types used will include -
*cloze *gap-filling, *sentence-completion,
*sentence-reordering, *dialogue-completion
*sentence-transformation (including combining sentences).

The Grammar syllabus will include the following areas for teaching-

1. Tense (Simple Present, Present Continuous, Present Perfect, Simple Past, Past Continuous, Past Perfect and Tense showing Future Action) 04
2. Clauses (Noun Clauses, Adverb Clauses of condition & time, Relative Clauses) 03
3. Use of Active & Passive 02
4. Direct and Indirect Speech 04
5. Models (Command, Request, Permission, Probability, Obligation) 02

(4) Text Books & Supplementary Reader 35

Prose - First Flight 15

(i) Two extracts from different prose lessons included in Textbook (Approximately 75 words each) 4x2 = 08

These extracts would require effort on the part of the students to supply the responses. (One mark in each extract will be for vocabulary and remaining three marks will be for testing local and global comprehension.)

(ii) One out of two questions extrapolative in nature based on any one of the prose lessons from Textbook to be answered in about 60 words. 04

(iii) One out of two questions on Drama Text (local and global comprehension question) (30-40 words) 03

Poetry - First Flight 10

(i) One out of two reference to context from the prescribed poems 04

(ii) Two out of three short answer type questions on interpretation of themes and ideas contained in the poems to be answered in 30-40 words each. 06

Supplementary Reader - Foot Prints without Feet 10

(i) One out of two questions from Supplementary Reader to interpret, evaluate and analyse character, plot or situations occurring in the lessons to be answered in about 80 words. 05

(ii) One out of two short answer type questions of interpretative and evaluative nature based on lessons to be answered in 30-40 words 03

(iii) One out of two short answer type questions based on factual aspects of the lessons to be answered in 20-25 words. 02

Prescribed Text Books

1. **First Flight -** NCERT's Book Published under Copyright
2. **Foot Prints without Feet -** NCERT's Book Published under Copyright

तृतीय भाषा

निम्नलिखित में से कोई एक तृतीय भाषा लेनी है –

(1) संस्कृत (2) उर्दू (3) गुजराती (4) सिन्धी

(5) पंजाबी

संस्कृत (तृतीय भाषा) एकं पत्रम्

प्रश्न पत्र	समय (घण्टे)	प्रश्न–पत्र के लिए अंक	सत्रांक	पूर्णांक
एक	3.15	80	20	100

अधिगम क्षेत्र	अंकाः
अपठित–अवबोधनम्	12
रचनात्मककार्यम्)	16
अनुप्रयुक्तव्याकरणम्	24
पठित–अवबोधनम्	28

(क) खण्डः अपठित–अवबोधनम् द्वयम् **12**

40–50 शब्दपरिमितः गद्यांशः (एकः सरलगद्यांशः) **04**

1. (सरलगद्यांशम् आधारितं कार्यम्–गद्यांशद्वयम्)

(i) पदेन पूर्णवाक्येन च प्रश्नोत्तराणि 02

(ii) भाषिककार्यम् 02

2. 80–100 शब्द परिमितः गद्यांशः एकः सरल गद्यांशः **08**

(सरलकथा– घटनावर्णनं वा)

(i) एकपदेन पूर्णवाक्येन च प्रश्नोत्तराणि 05

(ii) समुचितशीर्षकप्रदानम् 01

(iii) भाषिककार्यम् 02

- (अ) वाक्यकर्तृक्रियापदचयनम्
- (ब) कर्त्तृक्रिया–अन्वितिः
- (स) विशेषणविशेष्य–अन्वितिः
- (द) संज्ञास्थाने सर्वनामप्रयोगः अथवा सर्वनामस्थाने संज्ञाप्रयोग :
- (य) पर्यायं विलोमं वा पदं दत्वा अनुच्छेदे दत्तं पदचयनम्

(ख) खण्डः रचनात्मकं कार्यम् **16**

3. संकेताधारितम् अनौपचारिकपत्रम् 04

4. संकेताधारितं संवादलेखनम् 04

5. चित्राधारितं वर्णनम् अथवा संकेताधारितम् अनुच्छेदलेखनम् 04

6. पाठ्यपुस्तकात् (2) श्लोकद्वयलेखनम् 04

(ग)खण्डः अनुप्रयुक्त–व्याकरणम्	**24**
7. सन्धिकार्यम्	**03**
(i) स्वरसन्धि :– दीर्घः, गुणः, वृद्धिः, यण्, अयादिः, पूर्वरूपम्, पररूपम्	01
(ii) व्यंजनसन्धि :–परसवर्ण, छत्वं, तुक–आगम्, मोऽनुस्वारः वर्गीयप्रथमाक्षराणां, तृतीयवर्णपरिवर्तनम् प्रथमवर्णस्य पंचमवर्णे परिवर्तनम्।	01
(iii)विसर्गसन्धि :– विसर्गस्य उत्वं, रूत्वं, लोपः विसर्ग स्थाने स्, श्, ष्।	01
8. समास : (वाक्येषु समस्तपदानां विग्रहः विग्रहपदानां च समासः)	**03**
(i) कर्मधारयः (विशेषण–विशेष्यम्, उपमान–उपमेयम्)	01
(ii) द्वन्द्वः	01
(iii)अव्ययी भावः (अनु, उप, सह, निर्, प्रति, यथा)	01
9. प्रत्ययाः	**04**
अधोलिखित प्रत्यय योगैः वाक्य संयोजनम् रिक्त स्थानपूर्तिः	
(i) कृदन्ताः –तव्यत्, अनीयर्, शतृ, शानच्।	02
(ii) तद्धिताः – मतुप्, इन, ठक्, त्व, तल्।	01
(iii)स्त्रीप्रत्ययौ – टाप्, ङीप्	01
10. अव्ययपदानि (कथायाम् अनुच्छेदे संवादे वा अव्ययानां प्रयोगः)	**04**
(अपि, इति, इव, उच्चैः, एव, कदा, कुतः, नूनम्, पुरा, मा, इतस्ततः, यत्, अत्र–तत्र, यत्र–कुत्र, इदानीम्, सम्प्रति, यदा–कदा, यथा–तथा, यावत्–तावत्, विना, सहसा, श्वः, ह्यः, अधुना, बहिः, वृथा, कदापि, शनैः किमर्थम्)	
11. वाच्यपरिवर्तनम् (केवल लट् लकारे)	**04**
12. घटिकाचित्रसाहाय्येन अंकानां स्थाने शब्देषु समयलेखनम्।	**03**
13. संख्या एकतः पंचपर्यन्तम् वाक्यप्रयोगः। एकतः शतपर्यन्तं संख्याज्ञानम्	**02**
14. वचन, लिंग, पुरुष, लकारदृष्ट्यासंशोधनम्	**01**
खण्डः पठित अवबोधनम्	**28**
15. पठित सामग्रीम् आधृत्य अवबोधनकार्यम्	
अ– एकः गद्यांशः	04
आ– एकः पद्यांशः	04
इ– एकः नाट्यांशः	04
प्रति अंशम् आधारितम् अवबोधनकार्यम्	03
(i) एकपदेनपूर्णवाक्येन च प्रश्नोत्तराणि	
(ii) रिक्तस्थानपूर्तिः	

(iii) भाषिककार्यम्
(iv) वाक्ये कर्तृक्रियापदचयनम्
(v) कर्तृक्रिया–अन्वितिः
(vi) विशेषणविशेष्य–अन्वितिः
(vii) संज्ञास्थाने सर्वनामप्रयोगः अथवा
सर्वनामस्थाने संज्ञाप्रयोगः
(viii) पर्यायं विलोमं वा पदं दत्त्वा अनुच्छेदे दत्तं पदचयनम्
(ix) विशेषण– विशेष्य चयनम्, कर्तृ क्रिया चयनम्।

16. भावबोधनम् (एकांशः) 02
रिक्तस्थानपूर्तिद्वारा, विकल्पचयनेन, शुद्ध–अशुद्धमाध्यमेन, समभावसूक्तिमाध्यमेन वा

17. अन्वये रिक्तस्थानपूर्ति :– 02

18. प्रश्ननिर्माणम् (त्रयः) 03

19. क्रमरहितषड्वाक्यानाम् कथाक्रमसंयोजनम् कथापूर्तिः वा 03

20. संदर्भशब्दानाम् प्रयोगः शब्दार्थमेलनम् वा 03

निर्धारितपुस्तकानि :–

शेमुषी द्वितीयो भागः– राष्ट्रिय–शैक्षिक–अनु. परिषदा प्रकाशितम्

संदर्भ पुस्तकानि

1. व्याकरण सौरभम् (संशोधित संस्करणम्) (राष्ट्रिय–शैक्षिक–अनु. परिषदा प्रकाशितम्)
2. हायर संस्कृत ग्रामर (एम.आर. काले– लिखितम्)
3. रचनानुवाद कौमुदी (डॉ कपिलदेवद्विवेदीलिखितम्)

उर्दू (तृतीय भाषा)

समय 3.15 घण्टे **पूर्णांक–80**

अधिगम क्षेत्र	अंक
अपठित बोध	08
रचना : **मज़मून निगारी**	16
व्यावहारिक व्याकरण : क़वाइद	24
पाठ्य पुस्तक	32

(1) अपठित

एक गद्यांश (इक़तिबास) (100 से 150 शब्द) **8**
(उपर्युक्त गद्यांश में से शीर्षक का चुनाव, विषय–वस्तु का बोध, भाषिक संरचना आदि पर अति लघुत्तरात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे)

(2) रचना **16**

(i) मज़मून निगारी (निबन्ध लेखन)
संकेत बिन्दुओं पर आधारित किसी एक आधुनिक विषय अथवा व्यक्तित्व पर आलेख। (विकल्प सहित) 8
(ii) ख़ुतूत निगारी (पत्र–लेखन विकल्प सहित) 8

(3) व्यावहारिक व्याकरण– (अमली कवाइद) **24**

(i) फ़अल की किस्में –हाल, माज़ी, मुस्तक़बिल, माअरूफ, मजहूल 3
(ii) मुहावरें और कहावतें 3
(iii) साबिक़े एवं लाहिक़े 3
(iv) मुतरादिफात एवं मुतज़ाद 3
(v) वाहिद, जमाअ 3
(vi) मुज़क्कर एवं मौअन्नस 3
(vii) रमूज़े औक़ाफ़ (ख़ातमा, कोमा, वावेन, क़ौसेन इत्यादि) 3
(viii) इज़ाफत (मुज़ाफ, मुज़ाफ़ इलैह) 3

(4) गद्य : (नस्र) **16**

(i) दो में से किसी एक इक़तिबास (गद्यांश) की मय सियाक़ो सबाक तशरीह 5
(ii) निसाबी किताब से पाँच छोटे सवालात 5
(iii) निसाबी किताब से दो बड़े सवालात (आन्तरिक विकल्प सहित) 6

पद्य (शायरी) **16**

(i) दो में से किसी एक हिस्से (पद्यांश) की मय सियाक़ो सबाक तशरीह 5
(ii) निसाबी किताब से पाँच छोटे सवालात 5
(iii) निसाबी किताब से दो बड़े सवालात (आन्तरिक विकल्प सहित) 6

संदर्भ पुस्तकें -

1. **जान पहचान** – एन.सी.ई.आर.टी. से प्रतिलिप्याधिकार अन्तर्गत प्रकाशित

संदर्भ पुस्तक -

2. **उर्दू क़वाइद**– संशोधित संस्करण 2003, एन.सी.ई.आर.टी. दिल्ली द्वारा प्रकाशित

गुजराती (तृतीय भाषा)

Time : 3.15 Hours **Marks : 80**

Area of Learning	Marks
Reading	10
Writing	20
Grammar	20
Text Book	30

1. Reading

Comprehension of an unseen prose passage **10**

(Besides comprehension question, lexical items should also be tested)

2. Writing **20**

(i) Essay and story writing on the given points 8

(ii) Letter writing e.g. Social, Invitation, Personal, Official complaints inquiries 7

(iii) Precis writing of the passage given for Comprehension 5

3. Grammar (Each section of 5 marks i.e. 4x5=20) **20**

Transformation of sentences

(i) Positive negative,

(ii) Transfer:- Interrogative, exclamatory & statement sentences

(iii) Removal of idioms (from the text only)

(iv) Translation of the sentences from English to Gujarati

Change of sentences

(i) Transformation of active-pasive voices

(ii) Change rom singular to plural & vice-versa

(iii) Change of genders

(iv) Keeping correct punctuations in the given sentence

(v) Correction of the spellings (words to be given)

Change of Tenses

Reframing of given sentences after changing their tenses as directed eg. Present to continuous present,past,future,complete present,past,future

Correction of errors in given sentences

4. Text Book **30**

(i) Prose 15

(ii) Poetry 15

Prescribed text books :-

Gujrati (Dwitiya Bhasha) for Std X published by Gujrat Rajya Shala Pathya Pustak Mandal Vidhyayan' Sector 10 A, Gandhi Nagar, (Gujrat.)

Lesson to be Studied

Prose

No.	Title	Author
2	Rohini ne tire	Tran. Harivallabh Bhavyani
5	Aangali Zaline dorje	Tran. Kundanika Kapadia
6	Dariya Kinare	Vadilal Dagli
10	Hindu Pankhi	Maulana jalaludin Rumi
12	Sangam Shobhna Sabarmati	Ramprasad Shukla
13	Deshgaman	Gandhiji
15	Abhalano Tukado	Jayanti Dalal
17	Nanabhai	Darshak
21	Pencil Chholata Mehtaji	Ratilal Anil
24	Panch Pataranini Sevama ghara kam	Yagnesh Dave

Poetry

No.	Title	Author
1	Bholi re bharavadan	Narsinh Mehta
3	Mane chakor Rakhoji	Mira bai
4	Chhappa	Akho
7	Sayankale	Dalpatram
9	Mane joine udi jata pakshoine	Kalapi
11	Namu	Sundaram
14	Sapoot	Krishnalal Shreedharani
16	Chelun darshan	R.V.Pathak
18	Madhav Kyanathi Madhuvanman	Harindra Dave
20	Aavyo chhunto	Jayant Pathak
22	Aeloko	Priyankant Maniar
23	Pal	Manilal Desai
25	Duha Muktak	Collection

सिन्धी (तृतीय भाषा)

समय 3.15 घण्टे **अंक–80**

अधिगम क्षेत्र	अंक
अपठित बोध	5
रचना	20
व्याकरण	15
पाठ्य पुस्तक	40

अपठित बोध

1. अपठित गद्यांश (150–200 शब्दों में) तीन प्रश्न **5**

(i) शीर्षक 1

(ii) गद्यांश से एक प्रश्न 2

(iii) सारांश 2

रचना **20**

1. मजमून (200 शब्दों में) 10

2. दरखास्त या खतु 5

3. रिपोर्ताज (100 शब्दों में) 5

व्याकरण **15**

(i) इस्म (ii) सिफत (iii) जमीर 5

(iv) अदद (v) जिन्स 5

(vi) इस्तलाह ऐ पहाका (के बि पंज) माना ऐ जुमिले में कमु आणण 5

पाठयपुस्तक– **40**

1. कुमार भारती –

(i) गद्य खण्ड में से ससंदर्भ व्याख्या (दो में से एक) 6

(ii) पाठय पुस्तक के गद्य खण्ड में से निबन्धात्मक प्रश्न (100 शब्दों में) 6

(iii) गद्य खण्ड में से संबंधित पांच लघु प्रश्न (20 शब्दों में) 10

(iv) 'कुमार भारती' पाठ्यपुस्तक के पद्य खण्ड में से ससंदर्भ व्याख्या (दो में से एक) 6

(v) लेखक या कवि परिचय एक प्रश्न (100 शब्दों में) 6

(vi) कविता का सारांश (दो में से एक) (100 शब्दों में) 6

निर्धारित पुस्तक –

1. कुमार भारती (कक्षा–10)–महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षण मंडल, सर्वे नम्बर–832 ए , प्लॉट न. 178 & 179, शिवाजीनगर, पुणे, महाराष्ट्र ।

संदर्भ पुस्तक–

2. सिन्धी व्याकरण– गंगाराम ईसराणी, राजस्थान सिन्धी अकादमी, जे–7 सुभाष मार्ग, सी स्कीम, जयपुर, पिन–302001

पंजाबी (तृतीय भाषा)

समय 3.15 घण्टे पूर्णांक–80

अधिगम क्षेत्र	अंक
अपठित बोध	10
रचना	15
व्यावहारिक व्याकरण	15
पाठ्य पुस्तक	40

(1) अपठित

एक गद्यांश (120 से 150 शब्द) **10**

(उपर्युक्त गद्यांश में से शीर्षक का चुनाव, विषय–वस्तु का बोध, भाषिक संरचना आदि पर अति लघूत्तरात्मक प्रश्न पूछे जाएंगे)

(2) रचना **15**

(i) संकेत बिन्दुओं पर आधारित किसी एक आधुनिक विषय अथवा व्यक्तित्व पर आलेख। (विकल्प सहित) 8

(ii) व्यावसायिक पत्र–लेखन (विकल्प सहित) 4

(iii) संक्षेप रचना 3

(3) व्यावहारिक व्याकरण **15**

(i) Word Building (Shabad Rachna) :
Aggetar and Pichhetar 3

(ii) One word (अनेक शब्दों में स्थान पर एक शब्द) 3

(iii) Correction of words and sentences 3

(iv) Transformation of Sentences (Vak-Vatandra) 3

(v) Punctuation(Visram- Chinh) 3

(4) पाठ्य पुस्तक–गद्य **40**

(i) पठित गद्यांश पर आधारित छः लघूत्तरात्मक प्रश्न 9

(ii) पाठ्य पुस्तक आधारित सात में से पांच लघूत्तरात्मक प्रश्न 5

(iii) पाठ्य पुस्तक आधारित तीन में से दो निबन्धात्मक प्रश्न 6

पाठ्य पुस्तक–पद्य

(i) तीन में से दो पठित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या एवं बोध प्रश्न 10

(ii) पद्य आधारित तीन में से दो निबन्धात्मक प्रश्न 10

निर्धारित पुस्तकें –

1. **साहित दीपिका–भाग 2** – सी.बी.एस.ई. से प्रतिलिप्याधिकार अन्तर्गत प्रकाशित
2. **सहित्तक वनगियाँ–भाग 2** – सी.बी.एस.ई. से प्रतिलिप्याधिकार अन्तर्गत प्रकाशित

4. विज्ञान SCIENCE

इस विषय में एक प्रश्न–पत्र होगा जिसकी परीक्षा योजना निम्नानुसार हैः–

प्रश्न पत्र	समय (घण्टे)	प्रश्न–पत्र के लिए अंक	सत्रांक	पूर्णांक
एक	3.15	80	20	100

	Unit	Marks
I.	रासायनिक पदार्थ Chemical Substances	24
II.	सजीव जगत World of living	22
III.	विद्युतधारा के प्रभाव Effects of Current	14
IV.	प्रकाश Light	10
V.	प्राकृतिक संसाधन Natural Resources	10

इकाई–1: रासायनिक पदार्थ 24

अम्ल, क्षार तथा लवण : 5

H^+ एवं OH^- आयन प्रदान करने के पदों में इनकी परिभाषाएँ, सामान्य गुण, उदाहरण तथा उपयोग, pH स्केल की संकल्पना, (लघुगणक से संबंधित परिभाषा आवश्यक नहीं) दैनिक जीवन में pH का महत्व, सोडियम हाइड्रॉक्साइड बनाना एवं उपयोग, विरंजक चूर्ण, बेकिंग सोडा, धावन सोडा तथा प्लास्टर ऑफ पेरिस।

रासायनिक अभिक्रियाएं : 5

रासायनिक समीकरण, संतुलित रासायनिक समीकरण, संतुलित रासायनिक समीकरण से तात्पर्य।

रासायनिक अभिक्रियाओं के प्रकार : संयोजन, वियोजन (अपघटन), विस्थापन, द्विविस्थापन, अवक्षेपण, उदासीनीकरण, उपचयन तथा अपचयन [ऑक्सीजन तथा हाइड्रोजन की वृद्धि तथा ह्रास के पदों में]

धातुएं तथा अधातुएं : 5

धातुओं एवं अधातुओं के सामान्य गुण, सक्रियता श्रेणी, आयनिक यौगिकों का बनना एवं गुण, मूलभूत धातुकर्मीय प्रक्रियाएँ, संक्षारण तथा इससे बचाव।

कार्बन–यौगिक : 5

कार्बन के यौगिकों में सहसंयोजी आबन्ध, कार्बन की सर्वतोमुखी प्रकृति, समजातीय श्रेणी, प्रकार्यात्मक समूहों (हैलोजेन, ऐल्कोहॉल, ऐल्डिहाइड, कीटोन, कार्बोक्सिलिक अम्ल ऐल्कीन, ऐल्काइन) वाले कार्बन के यौगिकों का नाम पद्धति, संतृप्त तथा असंतृप्त हाइड्रोकार्बनों में अन्तर, कार्बन यौगिकों के रासायनिक गुणधर्म (दहन, आर्क्सीकरण, संकलन, प्रतिस्थापन अभिक्रियाएं), एथानॉल तथा एथोनॉइक अम्ल (केवल गुण तथा उपयोग), साबुन तथा अपमार्जक।

तत्वों का आवर्त वर्गीकरण : 4

वर्गीकरण की आवश्यकता, आधुनिक आवर्त सारणी, गुणधर्मों में श्रेणीकरण, संयोजकता, परमाणु साइज, धात्विक एवं अधात्विक गुणधर्म)

Unit 1 : Chemical Substances

Acids, bases and salts :

Their definitions in terms of furnishing of H^+ and OH^- ions, General properties, examples and uses, concept of pH scale (Definition relating to logarithm not required), importance of pH in everyday life; preparation and uses of sodium hydroxide, Bleaching powder, Baking soda, washing soda and Plaster of Paris.

Chemical reactions :

Chemical Equation, Balanced chemical equation, Implications of a balanced Chemical equation, Types of chemical reactions : combination, decomposition, displacement, double displacement, precipitation, neutralization, oxidation and reduction.

Metals and non metals :

Properties of Metals and Non-metals, reactivity series, Formation and properties of ionic compounds, Basic Metallurgical processes, corrosion and its prevention.

Carbon Compounds :

Covalent bonding in carbon compounds. Versatile nature of carbon, Homologous series Nomenclature of carbon compounds containing, Functional groups (halogens, alcohol, ketones, aldehydes, alkanes and alkynes), difference between saturated hydrocarbons and unsaturated hydrocarbons, Chemical properties of
carbon compounds (combustion, oxidation, addition and substitution reaction). Ethanol and Ethanoic acid (only properties and uses), soaps and detergents.

Periodic classification of elements :

Need for classification, Modern Periodic table, Gradation in Properties. Valency, Atomic number, metallic and non-metallic properties.

सजीव जगत

इकाई 2 : सजीव जगत **22**

जैव प्रक्रियाएं : 8

सजीव प्राणी, पोषण की मूल संकल्पना, श्वसन, पादपों तथा जन्तुओं में वहन एवं उत्सर्जन पादपों तथा जन्तुओं में नियंत्रण एवं समन्वय पादपों में अनुवर्तन गतियाँ, पादप हार्मोन का परिचय, जन्तुओं में नियन्त्रण एवं समन्वय : 6

तंत्रिका तंत्र, एच्छिक-अनैच्छिक तथा प्रतिवर्ती क्रिया, रासायनिक समन्वय, जन्तु हॉर्मोन।

जनन : 4

पादप तथा जन्तुओं में जनन (अलैंगिक तथा लैंगिक), जनन स्वास्थ्य, परिवार नियोजन की आवश्यकता तथा इसकी विधियाँ, सुरक्षित यौन संबंध बनाम HIV/AIDS गर्भधारण तथा महिलाओं का स्वास्थ्य।

आनुवांशिकता एवं विकास : 4

आनुवांशिकता, मेंडल का योगदान-लक्षणों की वंशागति के नियम, लिंग निर्धारण : संक्षिप्त परिचय, विकास की मूल अवधारणा तथा प्रमाण।

Unit 2 : World of Living

Life Processes :

"living being"; Basic concept of nutrition, respiration, transport and excretion in plants and animals.

Control and Co-ordination in animals and plants :

Tropic movements in plants; Introduction to plant hormones; control and co-ordination in animals : nervous system; voluntary, involuntary and reflex action, chemical co-ordination : animal hormones.

Reproduction :

Reproduction in animal and plants (asexual and sexual). Reproductive health-need for and methods of family planning. Safe sex vs HIV/AIDS. Child bearing and women's health.

Heredity and evolution :

Heredity; Mendel's contribution- Laws for inheritance of traits; Sex determination: brief introduction; Basic concepts of evolution.

इकाई 3 : विद्युत धारा के प्रभाव 14

विभवान्तर तथा विद्युत धारा : 7

ओम का नियम, प्रतिरोध, प्रतिरोधकता, कारक जिन पर किसी चालक का प्रतिरोध निर्भर करता है। प्रतिरोधकों का श्रेणीक्रम संयोजन, प्रतिरोधकों का पार्श्व संयोजन एवं इसका दैनिक जीवन में अनुप्रयोग, धारा का ऊष्मीय प्रभाव तथा इसका दैनिक जीवन में अनुप्रयोग, विद्युत शक्ति, P, V, I तथा R में अन्र्तसंबंध।

विद्युतधारा के चुम्बकीय प्रभाव : 7

चुम्बकीय क्षेत्र, क्षेत्र रेखाएं, धारावाही तार के कारण चुम्बकीय क्षेत्र, धारावाही कुण्डली अथवा परिनालिका के कारण चुम्बकीय क्षेत्र, धारावाही चालक पर बल, फ्लेमिंग का वाम हस्त नियम, वैद्युत चुम्बकीय प्रेरण, प्रेरित विभवान्तर, प्रेरित धारा, फ्लेमिंग का दक्षिण हस्त नियम, दिष्ट धारा, प्रत्यावर्ती धारा, AC की आवृत्ति, DC की तुलना में AC के लाभ, घरेलू विद्युत परिपथ।

Unit 3 : Effects of Current

Electric currcent, potential difference and electric current :

Ohm's law; Resistance, Resistivity, Factors on which the resistance of a conductor depends. Series combination of resistors, parallel combination of resistors and its applications in daily life ; Heating effect of Electric current and its applications in daily life. Electric Power, Inter relation between P, V, I and R.

Magnetic effects of current :

